वर्ष- 21 अंक - 322 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शुक्रवार 08 मई 2026

## न्यूज़ ब्रीफ...

### श्रीलंका से भारत तक तैरकर पहुंचा कपल

**बेंगलुरु.एजेंसी।** बेंगलुरु के दानिश अब्दी और वृषाली प्रसाद ने श्रीलंका के तलाईमन्नार से भारत के धनुषकोडी तक 32 किलोमीटर की दूरी समुद्र में तैरकर तय की। दोनों ने तेज लहरों, बदलती धाराओं और थकान का सामना करते हुए 10 घंटे 45 मिनट में यह ऐतिहासिक सफर पूरा किया।

### मां और पत्नी की हत्या के बाद दो बच्चों के साथ ट्रेन से कटा

**तिरुपति.एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर पहले अपनी पत्नी और मां की हत्या की, फिर दो मासूम बच्चों के साथ ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी।

### 3200 करोड़ के फर्जीवाड़े का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**कानपुर.एजेंसी।** कानपुर पुलिस ने 3200 करोड़ रुपए के कथित फर्जीवाड़े का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी महफूज अली को गिरफ्तार किया है। आरोपी पश्चिम बंगाल में छिपा हुआ था और कानपुर लौटते ही पुलिस ने उसे दबोच लिया। जांच में फर्जी जीएसटी फर्मों, बैंक खातों और करोड़ों रुपये के संदिग्ध लेनदेन का खुलासा हुआ है।

### मध्याह्न भोजन से 250 बच्चे बीमार

**सहरसा.एजेंसी।** बिहार के सहरसा में मध्याह्न भोजन खाने से 250 से ज्यादा बच्चे बीमार हो गए। खाना खाते ही इन्हें उल्टी-दस्त की शिकायत होने लगी। ज्यादातर बच्चों को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा।

# कौन बनेगा मुख्यमंत्री ? बंगाल का फैसला आज

**कोलकाता ● एजेंसी**

पश्चिम बंगाल के सियासी इतिहास में पहली बार बीजेपी की सरकार बनने जा रही है। ऐसे में सबके मन में एक ही सवाल है कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा, जिससे आज शाम पर्दा उठ जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बंगाल के पर्यवेक्षक के तौर पर कोलकाता में बीजेपी विधायकों के साथ बातचीत कर नए मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान करेंगे।

ममता बनर्जी को दोबार मात देने वाले शुभेंदु अधिकारी का नाम भले सबसे आगे है, लेकिन रूपा गांगुली और अग्निमित्रा समेत बीजेपी के आधा दर्जन नेता सीएम के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं।



## आतंकियों के निशाने पर था दिल्ली का ऐतिहासिक मंदिर और सोनीपत का फेमस ढाबा

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान समर्थित शहजाद भट्टी मॉड्यूल के 9 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने दिल्ली का ऐतिहासिक मंदिर, हरियाणा के सैन्य कैंप और दिल्ली-सोनीपत हाईवे के एक मशहूर ढाबे पर हमले की साजिश रची थी। पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने मंदिर और सैन्य कैंप की रेकी कर पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स को वीडियो भेजे थे। जांच में पता चला कि ये आतंकी दिल्ली के मंदिर पर गोलियां बरसाना चाहते थे और दिल्ली-सोनीपत हाईवे पर स्थित एक मशहूर ढाबे पर हैंड ग्रेनेड से हमला करने की फिराक में थे।

# ...तो एक्टर विजय के सभी विधायक देंगे इस्तीफा

**चेन्नई ● एजेंसी**

**द्रमुक दे सकती है बाहर से समर्थन कांग्रेस से तोड़ा नाता**

अभिनेता विजय की तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) ने चेतावनी दी है कि अगर राज्यपाल ने हमारी सबसे बड़ी पार्टी को सरकार बनाने का न्योता नहीं दिया और डीएमके या एआईएडीएमके को न्योता दिया तो हमारे सभी 108 विधायक इस्तीफा दे देंगे। इस बीच खबर है कि चुनाव हारने वाले मुख्यमंत्री स्टालिन की पार्टी द्रमुक एक्टर विजय की पार्टी को बाहर से समर्थन दे सकती है। एक्टर विजय की पार्टी को कांग्रेस के समर्थन से नाराज द्रमुक ने यह भी कहा कि अब इंडिया गठबंधन खत्म हो गया है।

## अमेरिका ने फिर ईरान पर बरसाए बम

**शुक्रवार.एजेंसी।** अमेरिका ने सीजफायर तोड़कर फिर ईरान पर बमबारी की। इस बीच ट्रंप ने कहा कि ईरान ने डील नहीं की तो और हमले करेंगे। होर्मुज में अभी भी 1500 जहाज फंसे हैं। उधर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में अमेरिकी मिशन को बड़ी सफलता मिली है क्योंकि सऊदी अरब और कुवैत ने अमेरिकी सेना के एयरस्पेस और एयरबेस पर लगी पाबंदियां हटा दी हैं। इससे अमेरिकी नौसैनिक और हवाई सुरक्षा अभियान फिर से शुरू होने की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

## फरार निदा खान गिरफ्तार



**नासिक ● एजेंसी**

नासिक के चर्चित टीसीएस केस में फरार आरोपी निदा खान को छत्रपति संभाजी नगर के नारेगांव से गिरफ्तार कर लिया गया। वह चार रिश्तेदारों के साथ एक फ्लैट में छिपकर रह रही थी। 25 मार्च से फरार चल रही निदा खान की अग्रिम जमानत पहले ही कोर्ट खारिज कर चुकी थी। अब नासिक पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और मामले में डिजिटल सबूतों व कथित विदेशी कनेक्शन की जांच जारी है।

## बंगाल में बम फेंका, अल्लाह हू अकबर के नारे लगाए

**कोलकाता.एजेंसी।** बंगाल में चुनाव के बाद हिंसा का दौर जारी है। अब यहां एक भाजपा विधायक के घर बम से हमला किया गया जिससे 5 लोग घायल हो गए। इस बीच पश्चिम बंगाल में हावड़ा के शिवपुर में हुई हिंसा में अब एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें उपद्रवियों को बमबाजी के दौरान 'अल्लाह हू अकबर' और 'नारा-ए-तकबीर' के नारे लगाते हुए सुने जा सकता है।

## बंगाल के 152 भाजपा विधायक दागी

**कोलकाता.एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में चुने गए 292 में से 190 विधायक दागी हैं, जिनमें से 170 पर हत्या और बलात्कार जैसे गंभीर आरोप हैं। बीजेपी के सबसे ज्यादा विधायक आपराधिक मामलों में आरोपी हैं। बीजेपी के 206 विधायकों में से 152 (करीब 74 प्रश) आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। इनमें से 141 विधायक तो ऐसे हैं जिन पर गंभीर श्रेणी के मुकदमे दर्ज हैं।

# तृणमूल सांसद महुआ को देख प्लेन में लगे चोर-चोर के नारे

**शुक्रवार ● एजेंसी**



तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा ने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) में एक औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि रक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठक में शामिल होने के लिए दिल्ली जाते समय इंडिगो की फ्लाइट में कुछ लोगों ने उनका उत्पीड़न किया। टीएमसी सांसद द्वारा शेयर किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि उन्हें देखकर कुछ लोगों ने चोर चोर, टीएमसी चोर, पिशी चोर, भाईपो चोर के नारे लगाए।

## शक्ति कपूर ने कहा– मैं जिंदा हूं...

**मुंबई.एजेंसी।** अपनी मौत की चौंकाने वाली अफवाहों पर रिएक्शन देते हुए शक्ति कपूर ने एक वीडियो शेयर किया है। इस हालिया वीडियो में उन्होंने उन सभी रिपोर्ट्स और दावों को सिरे से खारिज कर दिया है जिनमें उन्हें मृत बताया जा रहा था। एक्टर ने बड़े ही स्पष्ट शब्दों में कहा कि ये सभी खबरें पूरी तरह से झूठी हैं।

# श्वानों ने 110 भेड़ों को नोचकर मार डाला



**सहारनपुर ● एजेंसी**

उत्तरप्रदेश में सहारनपुर के अंबेहटा कस्बे में आवारा श्वान देर रात 200 भेड़ों के बाड़े में घुस गए थे। इस दौरान कुत्तों ने 110 भेड़ों को नोचकर मार डाला। कई भेड़ों की हालत नाजुक है। इस घटना को लेकर पशुपालक का कहना है कि उसे करीब 15 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

## आईपीएल में अनजान मेहमान बैन

**शुक्रवार.एजेंसी।** इन दिनों आईपीएल 2026 का सीजन जारी है। इसी बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सभी फ्रेंचाइजों के लिए सख्त एडवाइजरी जारी है। खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बोर्ड ने होटल में आने-जाने वाले मेहमानों और विजिटर्स को लेकर कड़े नियम लागू किए हैं। बिना अनुमति के बाहरी लोगों की होटल में एंट्री पर बैन लगा दिया गया है।

# धूप से परेशान होते रहे कांग्रेसी

## पटवारी का होता रहा इंतजार, कांग्रेसियों को काम पर लगाकर दे गए गच्चा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

प्रदेश कांग्रेस ने कल मुरैना से खरगोन जिले तक के एबी रोड हाईवे पर किसानों की कई तरह की समस्याओं को लेकर चक्काजाम किया था। हाईवे पर पड़ने वाले जिला और शहर कांग्रेस को इसकी जिम्मेदारी दी गई थी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को इंदौर जिले के पिगडम्बर हाईवे पर होने वाले चक्काजाम में शामिल होकर वहां से उन्हें खलघाट पहुंचना था और शाजापुर में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी को चक्काजाम में शामिल होना था। कल कांग्रेसी अपना मुखड़ा पटवारी को दिखाने के लिए तपती धूप में तपते रहे कि पटवारी आएंगे और वे हमारा मुखड़ा देखेंगे। यह स्थिति इंदौर के अलावा खलघाट में भी पटवारी के लिए बनी रही, पहले सूचना आई थी कि पटवारी अपने घर से निकलकर पिगडम्बर चक्काजाम में पहुंच रहे हैं, लेकिन पटवारी ने गच्चा दे दिया और वे प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी के साथ देवास होते हुए शाजापुर पहुंच गए। कल जाम के कारण आम लोगों से लेकर लम्बी दूरी के वाहन चालकों को भी खासी परेशानी हुई, धूप में जहां कांग्रेसी तप गए वहीं व्यवस्था में लगी पुलिस और प्रशासन की टीम भी धूप में तप गई। कई वरिष्ठ अधिकारी तो अपने वाहन में बैठे रहे, लेकिन पुलिसकर्मी कांग्रेसियों के वाहन रोकने के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में जुटे रहे। पुलिस ने यातायात व्यवस्था भी डायवर्ट की थी, जिससे दूरी के वाहन चालकों को परिवर्तित रास्ता रास नहीं आया और कई वाहन रास्ता भटक गए और अपने निर्धारित लक्ष्य पर काफी देरी से पहुंचे। इधर राऊ सर्कल और उधर महू रोड और इधर पीथमपुर रोड और बायपास रोड तक भी जाम की स्थितियां बनी रही। कई बार वाहन रेंगते चलते नजर आए। इधर कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता सेकती धूप से बचने के लिए इधर-उधर सहारा लेते दिखे। कांग्रेसियों की आस पटवारी थे, लेकिन वे नहीं पहुंचे, इधर जो राऊ-महू और पिगडम्बर के स्थानीय कांग्रेसी थे उन्होंने अपने संबंध के आधार पर क्षेत्र की फैक्ट्री और दुकानें पर शरण ली, लेकिन शहर और दूर ग्रामीण क्षेत्रों से आए कांग्रेसी धूप में सीकते रहे। ट्रैक्टर लेकर पहुंचे कांग्रेसी और किसान भी धूप में परेशान होते रहे। ग्रामीण के साथ कांग्रेसी और किसान भी भीड़ में नजर आए। कांग्रेसी छांव ढूंढते रहे, लेकिन भर दोपहरी में सीधी धूप भगवान सूर्य की आ रही थी, जिससे कांग्रेसी कड़क धूप में जमकर तप गए। ट्रैक्टर, कार, टू-व्हीलर, थ्री व्हीलर पर कांग्रेसियों को आधा किलोमीटर दूर ही पुलिस ने रोक दिया था, वहां से कांग्रेसी अपने वाहन लगाकर पैदल जाम स्थल तक पहुंचे। पुलिस ने कई कांग्रेसियों को वाहन लेकर आगे नहीं जाने दिया, कई कांग्रेसी गलियों से आगे का रास्ता ढूंढते नजर आए। दो विधायक भंवरसिंह शेखावत और विक्रांत भूरिया ने किसानों की समस्याओं को लेकर भाजपा सरकार को जमकर घेरा और खरी-खरी भी सुनाई। महत्वपूर्ण बात यह रही कि कांग्रेसियों को दो घंटे तक पुड़ी-सब्जी, छांछ, आइस्क्रीम और पानी की बोतल मिलती रही। जीतू पटवारी को लेकर कांग्रेसी भ्रम में रहे और कहते रहे कि पटवारी थोड़ी देर में पहुंच रहे हैं, लेकिन पटवारी नहीं पहुंचे क्योंकि शाजापुर से पिगडम्बर की दूरी करीब 115 से 120 किलोमीटर की थी इसलिए उनका आना असंभव था। इधर शहर के कांग्रेसी बोले कि जिला कांग्रेस का आयोजन जब पिगडम्बर में हो रहा था, तो शहर का देवासनाका पर किया जा सकता था। तपती गर्मी में भी कांग्रेसियों का उत्साह कल चक्काजाम को लेकर जमकर दिखा। कई कांग्रेसी बीच में निकलना चाहते थे, लेकिन फसावट ऐसी थी कि वह निकल नहीं पाए और कई को रास्ता दिखा तो वह पटवारी का इंतजार करते रहे, बीच-बीच में हवा यह भी आई कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी भी पिगडम्बर चक्काजाम में आ सकते हैं। इसलिए कांग्रेसियों की आस और विश्वास पटवारी और चौधरी को लेकर बनी रही, लेकिन दोनों ही पिगडम्बर ही नहीं पहुंचे तो खलघाट चक्काजाम में कैसे पहुंचते।



**स्थानीय नेताओं ने खुलवा लिए थे उद्योग, दूर से आए कांग्रेसी तप गए**

# निगम बताए मोटर जब्त करने का कानूनी अधिकार -कांग्रेस

**यह भी बताए कितनी मोटर जब्त की और कैसे छोड़ी और बची उसका क्या हुआ**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने इंदौर नगर निगम से यह सवाल किया है कि नगर निगम द्वारा नल से सीधे मोटर लगाने के मामले में जो मोटरे जब्त की जाती है या अन्य किसी कारण से मोटर जब्त की जा रही है उस मामले में नगर निगम को किस कानून के तहत मोटर जब्त करने का अधिकार है। पहले ही नगर निगम नियम के विरुद्ध एक दिन छोड़कर पानी का सप्लाय कर रहा है, पहले सुबह और शाम दोनों समय नल आते थे, फिर एक समय नल हुए अब एक दिन छोड़कर नल आ रहे हैं और उसमें भी कहीं लाइन फूट जाती है, तो कहीं कोई समस्या आती है, तो कई बार टर्न पर भी नल नहीं आते हैं। द्विवेदी ने कहा कि निगम यह सार्वजनिक करें कि निगम ने इन पांच सालों में कुल कितनी पानी की मोटरें जब्त की। निगम को पूरा पांच साल का रिकार्ड देना चाहिए, कितनी राशि जब्त मोटर से बतौर जुर्माना वसूल किया गया और वो कौन-सा कानून है जिसके तहत यह पानी की मोटरें जब्त कर उन पर जुर्माना वसूला गया और जो मोटरें जब्त हुई उनमें कोई छुड़ाने नहीं आया या जुर्माना नहीं भरा तो उस पानी की मोटर का नगर निगम ने क्या किया, इन पांच सालों में कितनी मोटर ऐसी है, जो जब्त मोटर छुड़ाने कोई नहीं आया। जब मोटर जब्त होती है और राजनेताओं के फोन आते हैं तो मोटर किस कानून के तहत छोड़ दी जाती है। किसान कानून के तहत पांच सालों में पड़ी मोटरों को रिकार्ड पर रखा गया। द्विवेदी ने कहा कि पहले ही एक दिन छोड़कर नल आ रहा है वह भी शुरू में गंदा पानी एवं नल भी पर्याप्त मात्रा में नहीं आता है। जब नगर निगम खुद ही पानी पूरा नहीं दे रहा है, तो उसे पानी की मोटर जब्त करने का अधिकार कैसे हैं। जब निगम पूरे महीने का पैसा ले रहा है तो पानी भी पूरा देना चाहिए।



# ड्रेनेज लाइन की सौगात में मौजूद रहे भाजपाई

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। राऊ विधानसभा के नेनोद पंचायत के अंतर्गत आने वाले सिद्धार्थनगर में 66 लख रुपए से बनने वाली ड्रेनेज लाइन का भूमि पूजन क्षेत्रीय लोकप्रिय विधायक मधु वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा, जिला पंचायत सदस्य दिलीप पटेल, जनपद सदस्य रामस्वरूप गहलोत, सरपंच सुरेंद्रसिंह सोलंकी, अधिवक्ता हितेंद्रसिंह सोलंकी एवं सिद्धार्थनगर के रहवासियों की मौजूदगी में किया गया। वर्षों पुरानी सिद्धार्थ नगर की ड्रेनेज समस्या अब हल होगी।

# पार्षद ने करवाया कन्याओं से कार्य का भूमिपूजन



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। वार्ड 16 में पार्षद सोनाली मुकेश धारकर के प्रयास से नंदबाग सेक्टर बी गली नंबर 17 व सेक्टर सी की कुछ गलीयो मे ड्रेनेज लाइन कार्य की स्वीकृति कराई गई, जिसका भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। पार्षद सोनाली धारकर ने भूमिपूजन कन्याओं के हाथों करवाया। इस दौरान सोनाली धारकर, मुकेश धारकर, अमित दुबे, सुनील रघुवंशी, रितेश ठाकुर, आशा पंवार, विद्या चौरसिया, निर्मला पटेल, ममता खातनकर, दिक्षा गौड, दिपक मिश्रा सहित रहवासी मौजूद थे।

# हालात -ए-गणतंत्र महापौर के नाम पत्र

महापौर जी इंदौर का पुरातन तरण पुष्कर खेल प्रेमी लक्ष्मण सिंह चौहान के नाम से जाना जाता है। तरण पुष्कर जनसेवा भाव से बनाया गया था। इंदौर का युवा स्वस्थ रहे, गर्मी की छुट्टियों का लाभ छोटे बच्चों को तैराकी सिखा सके।

नगर निगम के इस सेवा प्रकल्प को व्यवसायिक दृष्टि रखते हुए भारी भरकम चार गुना लगान ठोक दिया गया है, हद है। माना कि शहर की जनता मदहोश है, सरकार का हर जज़िया कर सहन कर रही है, अच्छा लग रहा है, आप इसे चार गुना नहीं, आठ गुना कीजिए, हम चुप ही रहेंगे, मुंह में मूंग भर लेंगे पर चुप रहेंगे पर चिंता यह है कि हम खेल और स्वास्थ प्रेमी है, खेलों से बच्चें जुड़े, यह हमारी चिंता भी है, सामान्य वर्ग के लोग बच्चों को तैराकी सिखा लेते, गर्मियों की छुट्टियों में वे स्वस्थ रहते, कहीं अनायास कहीं फंस जाएं तो तैर सके, निकल सके पर आपकी डायन फीस ने उन्हें रोक दिया, वे मायूस हैं भारी भरकम फीस से चिंतन कीजिए महापौर जी। सेवा प्रकल्प को धंधा मत बनाइए, फीस पहले - 1240 रुपये 6 माह के लगते थे, अब 5000 रुपये 6 माह के कर दिये, वह भी एक साथ याने चार गुना, हद है महापौरजी। कोई 3 महीने स्वीमिंग क्लॉस जाना चाहते हैं तो 3 माह का चार्ज लिया जावे,

आपने छ माह के पूरे लेने का शिव शंकर आर्डर निकाला दिया, श्रीमान बच्चों को खिलाड़ी और तैराक बनाने की यही से प्रारंभ होती है, रिटायर्ड सीनियर सिटीजन, महिलाएं भी तरण पुष्कर आते हैं। स्वस्थ रहने के लिए। निगम परिषद का निर्णय घोर कलयुगी, अन्यायपूर्ण है। इस भारी भरकम फीस वृद्धि को वापस लेने की कृपा करें।

**जनहित में निवेदन है।**
**नकुल रतन पाटोदी**



# भाजपा नेता का हज यात्रा के पहले स्वागत आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। भाजपा नेता अनीस खान हज यात्रा के लिए जाने के पूर्व उनके इस्तकबाल सम्मान का आयोजन किया गया। बडी संख्या में मुस्लिम समाजजनों के अलावा भाजपा नेता भी मौजूद रहे। मुनव्वर अली शाह, इसरार खान ठेकेदार, मुबारिक अंसारी, इस्सू पठान अन्य मौजूद थे।



# पंवार बने गौत्तमपुरा कृषि मंडी में विधायक प्रतिनिधि

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विधायक मनोज निर्भयसिंह पटेल ने ग्राम सांघवी निवासी मलखानसिंह पंवार को गौतमपुरा कृषि उपज मंडी समिति के लिए अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। कई व्यापारियों और भाजपा नेताओं ने भी मलखानसिंह पंवार को बधाई दी।

# श्वेताम्बर जैन समाज नवकारसी विवाद अब थाना तक पहुंचा

## पहले दिया गया था 50 लाख का मानहानि नोटिस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

महावीर जन्मकल्याणक में नवकारसी की सेवा देने वाले अक्षय जैन के ऊपर महासंघ न्यास के विजय मेहता, ललित छल्लानी, संतोष जैन ने अंगुलियां उठाई थी और उसी के बाद नवकारसी मामले में महासंघ के साथ नवकारसी करने वालों का विवाद गहराया था। दोनों खेमे उसी समय से आरोप के बाद आमने-सामने हो गए थे। श्वेताम्बर जैन समाज के कई वरिष्ठजन चाहते हैं कि यह विवाद समाप्त हो क्योंकि आरोप के बाद अक्षय जैन की ओर से 50 लाख रु. का मानहानि नोटिस विगत दिनों अधिवक्ता के माध्यम से विजय मेहता, ललित छल्लानी और संतोष जैन मामा को दिया गया था। इधर भैरव भक्तों ने भी सद्बुद्धि यज्ञ की चेतावनी दी थी, इसी बीच कल सामाजिक सोशल ग्रुप पर टिप्पणी के बाद नया मोड़ आ गया। इस मामले में अक्षय जैन ने बताया कि कभी भी अच्छी टिप्पणी डिलिट नहीं की जाती है। किसी के बारे में गलत टिप्पणी की गई वहीं डिलिट होती है, अक्षय जैन ने बताया कि विजय मेहता ने वाट्सएप पर धमकी देने का मैसेज चलाया और डिलिट भी कर दिया। इसी के बाद अक्षय जैन ने तत्काल सराफा थाना पहुंचकर इस मैसेज के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत के बाद और समाधान को लेकर संवाद प्रक्रिया पर मतभेद खुलकर सामने आ गए। थाना में की शिकायत में कहा कि उनके चरित्र हनन से जुड़ा पत्र सार्वजनिक किए जाने पर उन्होंने महासंघ न्यास अध्यक्ष विजय मेहता, महासचिव ललित छलानी एवं संतोष जैन मामा को 50 लाख रुपए का मानहानि नोटिस भेजा था। इसके बाद समाज के विभिन्न मंचों एवं सोशल मीडिया फोरम पर प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया। अक्षय जैन ने स्क्रीन शॉट में साक्ष्य के रूप में पुलिस को भी बताया है और आशंका जताई है कि उनके साथ धन, पद और प्रभाव से शारीरिक नुकसान और मानसिक प्रताड़ना का काम किया जा सकता है। इसीलिए पुलिस से अक्षय जैन ने विजय मेहता के खिलाफ आईटी एक्ट सहित अन्य कानूनी प्रावधान के तहत कार्रवाई की मांग की। इधर अक्षय जैन का कहना है कि विजय मेहता बंद कमरे में बात करना चाहते हैं, जबकि दोनों पक्ष खुला संवाद किसी धर्म स्थानक, मंदिर, उपाश्रय में श्वेताम्बर जैन समाजजनों की उपस्थिति में करें। किसी भी हालत में किसी निजी स्थान अथवा 'डार्क रूम बैठक' को समाधान प्रक्रिया का हिस्सा स्वीकार नहीं किया जाएगा। महासंघ पदाधिकारी अब संवाद और समन्वय के बजाए दबाव और प्रभाव की राजनीति अपना रहे हैं। कई गैर जैन समाजजनों से भी दबाव डलवाया जा रहा है। अक्षय जैन का कहना है कि उन्होंने सराफा पुलिस को इसकी शिकायत कर दी है और पुलिस अब मामले की जांच कर रही है।

# हाइवे जाम करने पर दिग्गज कांग्रेस नेताओं पर केस दर्ज

### सत्यनारायण पटेल, चिंटू चौकसे और विपिन वानखेड़े सहित 33 पर केस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

किशनगंज थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्का जाम कर यातायात बाधित करने के मामले में पुलिस ने कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के खिलाफ बड़ा कानूनी कदम उठाया है। किसानों की समस्याओं को लेकर मेडिकेप्स चौराहा स्थित नेशनल हाईवे पर किए गए इस विरोध प्रदर्शन के कारण एबी रोड पर घंटों आवागमन ठप रहा, जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस मामले में पुलिस ने कांग्रेस के 33 प्रमुख नेताओं सहित अन्य कार्यकर्ताओं के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर में विधायक, पूर्व विधायक और जिला अध्यक्षों सहित कई बड़े नाम शामिल हैं। इसमें झाबुआ विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया, बदनावर विधायक भंवर सिंह शेखावत, इंदौर जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे, पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी और पार्षद राजू भदौरिया जैसे प्रमुख चेहरों को आरोपी बनाया गया है। इनके अलावा किसान कांग्रेस अध्यक्ष जीतू ठाकुर, सदाशिव यादव, शक्ति सिंह गोयल, अजय रघुवंशी, शुभम दरबार, सोहन सिंह ठाकुर, सरपंच विजय बिलोनिया, अशोक सैनी और सोराब पटेल सहित कुल 33 नेताओं को नामजद किया गया है। गुरुवार को आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसी नेताओं ने किसानों की मांगों को लेकर हाईवे के बीचों-बीच धरना दे दिया था। इस चक्का जाम के चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थीं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बार-बार समझाइश देने के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने रास्ता नहीं खोला, जिससे आम जनता और आपातकालीन सेवाओं के लिए गंभीर स्थिति पैदा हो गई। सार्वजनिक मार्ग को अवैध रूप से अवरुद्ध करने और शासन के निर्देशों का उल्लंघन करने के आरोप में किशनगंज पुलिस ने अब इन सभी नेताओं के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपियों में महू ब्लॉक अध्यक्ष विष्णु मालवीय, योगेश बीना, मनोहर सारदिया और कान्हा उर्फ कृष्णा गोयल जैसे स्थानीय पदाधिकारियों के नाम भी शामिल हैं।

## नहीं रहे पानी वाले बाबा...

# तीन बार के विधायक रहे अश्विन जोशी का निधन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधानसभा तीन के पूर्व विधायक अश्विन जोशी का आज सुबह 66 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ थे। आज सुबह उन्होने शैल्बी अस्पताल में अंतिम सांस ली। उन्हें क्षेत्रीय रहवासी पानी वाले बाबा के नाम से पुकारते थे। उन्होने अपनी विधानसभा में जलसंकट के दौरान टैंकरों से पानी बंटवाया था।**



कुछ समय से अस्वस्थ थे, आज सुबह अस्पताल में ली अंतिम सांस

आज सुबह जब अश्विन जोशी के निधन की सूचना मिली तो राजनीतिक गलियारों में उनकी स्मृतियों की गूंज हुई। अश्विन जोशी विधानसभा 3 से 3 बार विधायक रहे है। उन्होने भाजपा के दिग्गज नेताओं पर चुनावी जीत हांसिल की थी। हालांकि चौथी और पांचवी बार भी वे चुनाव लडे थे लेकिन उन्हें हार का सामना करना पडा था। कांग्रेस में उन्हें खरा बोलने वाला नेता भी माना जाता था। मिली जानकारी के अनुसार जोशी का करीब तीन माह पूर्व मुंबई में इलाज भी हुआ था। उन्हें पैरों की नसों से जुडी शिकायत थी। बताया जा रहा है आज सुबह सोडियम का स्तर अत्यधिक कम होने के कारण उनकी स्थिति गम्भीर हो गई थी। इलाज के लिए उन्हें शैल्बी हास्पिटल ले जाया गया जहां स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ और उन्होने अंतिम सांस ली। बीते कुछ समय से वे बीमारी के चलते सक्रिय राजनीति से दूर भी हो गए थे। खबर मिलने के बाद कांग्रेस पार्टी में भी शोक की लहर दौड़ गई। जोशी के छोटे भाई संजय जोशी ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार उनके बेटे के अमेरिका से आने के बाद होगा। उन्हें सोडियम कम होने की शिकायत के बाद आज सुबह अस्पताल ले जाया गया था। जिसके बाद वे बेहोश हो गए और उनका निधन हो गया। फिलहाल जोशी के पार्थिव शरीर को अस्पताल में ही रखा गया है। जोशी का बेटा अमेरिका में ही कार्यरत है। जोशी पहली बार 1998 में विधानसभा 3 से विधायक बने थे जिसके बाद 2003 और 2008 में भी चुनाव जीते। 15 वर्षो तक वे विधानसभा तीन के विधायक रहे। वे कांग्रेस के दिग्गज महेश जोशी के भतीजे थे। सूचना मिलने के बाद अस्पताल और जोशी के इमली बाजार स्थित निवास पर समर्थकों की भीड़ लग गई।

## मंडल की कामकाजी बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा सुभाष मंडल की कामकाजी बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय विधायक और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय का इंतजार होता रहा। इस कामकाजी बैठक में भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, उपाध्यक्ष भूपेन्द्र केसरी, रजत गर्ग, संध्या यादव, राजेश चौहान, रानू अग्रवाल, दीपक बागवान, सन्नी तिवारी, नागेन्द्रसिंह चौहान, मंडल पदाधिकारी सहित अन्य मौजूद थे।






## विधायक-पार्षद ने दी 25 लाख की सौगात

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 5 के वार्ड 51 के चौधरी पार्क कालोनी में विधायक महेन्द्र हार्डया, पार्षद मलखानसिंह कटारिया की जोड़ी ने 25 लाख की सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन की सौगात दी। नरेश पुरोहित, भगवती उपाध्याय, बबलू तंवर, पप्पू नेता सहित अन्य मौजूद थे।

## भाजपा की आज शाम होने वाली बैठक में जनप्रतिनिधि भी रहेंगे मौजूद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने आज शाम 4 बजे भाजपा कार्यालय पर मासिक बैठक बुलाई है। इस बैठक में मंत्री, सांसद, महापौर, विधायक के अलावा नगर पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी और अपेक्षित मौजूद रहेंगे। आगामी कार्य योजना को लेकर होने वाली इस बैठक में रणनीति तैयार की जाएगी। संभाग प्रभारी रणवीरसिंह रावत, नगर प्रभारी राजेशसिंह सोलंकी भी मौजूद रहेंगे।

## पानी की मोटर जब्त

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नगर निगम की टीम ने आज झोन 1 के अन्तर्गत वार्ड 16 के अन्तर्गत नन्दबाग कालोनी में नर्मदा लाइन के पाइप से सीधे मोटर लगाकर पानी खेंचने के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मोटर जब्त की।



# 51 लाख का आदर्श बगीचा कागजों में अटका

## निगम की कोशिश के बाद भी इसे आकार देने को कोई तैयार नहीं

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम के द्वारा पोलो ग्राउंड के औद्योगिक क्षेत्र के पास में 52 लाख की लागत से आदर्श बगीचे के निर्माण का फैसला लिया गया था। यह फैसला कागज में ही अटक कर रह गया है। निगम की कोशिश के बाद भी इस फैसले को आकार देने के लिए कोई तैयार नहीं है।**

जब से नगर निगम की आर्थिक हालत खराब हुई है तब से निगम के द्वारा तैयार किए जाने वाले विकास कार्यों के प्रस्ताव अटकने लगे हैं। इस समय सभी को यह मालूम है कि यदि नगर निगम के द्वारा बनाए गए प्रस्ताव के आधार पर उनके द्वारा कोई काम किया जाता है तो उस किए गए काम का पैसा कब मिलेगा यह निश्चित नहीं है। यह भी संभव है कि उस काम में होने वाले खर्चे में से कुछ पैसा मिल जाए और बाकी पैसे के लिए हमें नगर निगम का चेहरा देखने के लिए मजबूर होना पड़े। निगम के पास जाकर करने वाले काम के लिए यह धारणा अब आम हो गई है।

इस धारणा का यह परिणाम है कि निगम के द्वारा विकास कार्यों के लिए बनाए जाने वाले प्रस्ताव कागज पर ही क्रियान्वयन का इंतजार करते हुए सिसक रहे हैं। निगम के जोनल कार्यालय क्रमांक 3 के द्वारा पोलो ग्राउंड रोड पर स्थित बगीचे को आदर्श बगीचे के रूप में विकसित करने का फैसला लिया गया। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर उसे प्रस्ताव को मंजूर किया गया। इस प्रस्ताव के अनुसार इस कार्य पर 52 लाख से अधिक की राशि खर्च होना है। इस काम को आकार देने के लिए नगर निगम के द्वारा बहुत कोशिश की जा रही है लेकिन सारी कोशिश बेदम साबित हो रही है। औद्योगिक क्षेत्र के पास में आदर्श बगीचा निश्चित तौर पर एक ऑक्सीजन की फैक्ट्री की तरह काम करेगा। जिस स्थान पर यह निर्माण किया जाना है वह स्थान वैसे भी चारों तरफ पेड़ पौधों से भरा हुआ स्थान है और वहां पर शुद्ध हवा की स्थिति भी अच्छी रहती है। ऐसे में यदि यह आदर्श बगीचा भी बनकर तैयार हो जाता है तो फिर तो औद्योगिक क्षेत्र में काम करने के लिए आने वाले लोगों को भी सुकून के साथ बैठने का एक स्थान मिल जाएगा। इसमें अफ़सोस वाली बात यह है कि निगम के द्वारा योजना बनाई जाने के बावजूद कोई भी इस काम को करने के लिए तैयार नहीं है। यदि इस काम को आज शुरू किया जाता है तो इसे पूरा करने में 8 महीने का वक्त कम से कम लगेगा। इस काम को करवाने के लिए नगर निगम के द्वारा दो बार टेंडर जारी किए जा चुके हैं और नतीजा शून्य रहा है।

## जैन नवग्रह जिनालय की मूर्तियां और सामान नहीं मिला तो समाज में आक्रोश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

श्री दिगम्बर जैन नवग्रह जिनालय, ग्रेटर बाबा, एरोड्रम रोड में हुई चोरी की घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ अब तक केवल 1 चोर लगा है, वहीं चोरी गया सामान अभी भी पुलिस को नहीं मिला है, इसको लेकर जैन समाजजनों में आक्रोश है। पुलिस अन्य चोर की तलाश में महाराष्ट्र गई है। राजेश जैन दद्दू ने कहा कि एक तरफ पुलिस ने कहा कि चोरों की पहचान कर ली गई है, लेकिन अभी तक 1 चोर को पकड़ने की बात और उसके माध्यम से खुलासा होने की बात हो रही है, लेकिन पूरा खुलासा नहीं हुआ है न ही मूर्ति सहित चांदी की सामग्री जब्त हुई है, जिससे समाज में रोष है। जैन समाजजनों ने बैठक भी की और निर्णय लिया कि यदि शीघ्र सामान और प्रतिमाएं नहीं मिलती है, तो जैन समाजजन चरणबद्ध आन्दोलन चलाएगा। इसमें पलिस आयुक्त और कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा, फिर धरना, प्रदर्शन और जरूरत पड़ी तो मुख्यमंत्री के नगर आगमन पर ज्ञापन भी दिया जाएगा। साधु-संत भी इस चोरी की घटना से नाराज है। इस चोरी की घटना का आनन्द कासलीवाल, वीरेन्द्र बड़जात्या, डीके जैन, नीलेश सेठी, डॉ. जैनेन्द्र जैन, मनमोहन झांझरी, हंसमुख गांधी, टीके वेद, अशोक मेहता कातीलाल बम नरेंद्र वेद, अशोक काला, मुक्त जैन, रेखा जैन सहित अन्य ने भी नाराजगी जाहिर की है और कहा है कि जल्द चोरी का खुलासा नहीं हुआ तो अब चरणबद्ध आन्दोलन शुरू होगा।

# एमआर-4 में बाधक उद्योगों पर चला बुलडोजर

### कई दिन से निर्माण तोड़ने के लिए चल रही थी कसरत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि





नगर निगम की रिमूवल गैंग के द्वारा आज सुबह पोलो ग्राउंड के उन उद्योगों पर कार्रवाई शुरू की गई जो कि मेजर रोड नंबर 4 बनाने में बाधक बने हुए थे। इन उद्योगों को हटाने के लिए नगर निगम के द्वारा काफी समय से कोशिश की जा रही थी। इन्हें नोटिस भी दिए गए थे लेकिन निर्माण नहीं हट पा रहा था।

राजकुमार मिल रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे से निकल कर एम आर 4 सड़क का प्रावधान है जो कि जाकर एम आर 10 पर मिलती है। पिछली बार सिंहस्थ के समय पर इस सड़क को इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा बनाना शुरू किया गया था और प्राधिकरण ने लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन तक सड़क का निर्माण कर दिया था। इसके आगे के क्षेत्र में पोलो ग्राउंड के कुछ उद्योग आते हैं। इन उद्योग का निर्माण तोड़ने के लिए कोशिश की गई थी। एसोसिएशन आफ इंडस्ट्रीज मध्य प्रदेश के द्वारा इस कार्रवाई को शुरू करने का उस समय पर विरोध किया गया था। इसके साथ ही उद्योगपति भी इस कार्रवाई के लिए तैयार नहीं थे।

जिन उद्योगों के निर्माण इस कार्रवाई में तोड़ने की पहल की जा रही थी उन उद्योगों के द्वारा वैकल्पिक स्थान की मांग की जा रही थी। उद्योगपतियों का कहना था कि हमें तो सरकार ने ही उद्योग लगाने के लिए जमीन दी है और फिर वहां पर आकर आप कोई तोड़फोड़ कैसे कर सकते हैं। इस मामले को लेकर पिछले 2 साल से चर्चा का दौर चल रहा था। इसी बीच आज इंदौर नगर निगम की रिमूवल गैंग यहां पर कार्रवाई करने के लिए पहुंच गई। इस गैंग के द्वारा सबसे पहले एक उद्योग के आगे का क्षेत्र तोड़ा गया। इसके बाद में दो उद्योगों के बाउंड्री वॉल तोड़ने का काम किया गया। इसके बाद अब आगे और क्या कार्रवाई की जाएगी इस बारे में रिमूवल गैंग के अधिकारी खामोश थे। इन अधिकारियों का कहना था कि हमें जिस तरह का आदेश मिलेगा उस तरह से हम कार्रवाई कर देंगे। अभी हम नहीं बता सकते हैं कि आज और कहां पर क्या कार्रवाई किस तरह से की जाएगी।

### 30 उद्योग में होना है तोड़फोड़

इस सड़क के निर्माण में करीब 30 उद्योग बाधक है। इन उद्योगों के परिसर में तोड़फोड़ की जाना है। किसी की बाउंड्री वॉल जाएगी तो किसी के उद्योग के भवन का आगे का क्षेत्र जाएगा। उद्योगपति अपने क्षेत्र को बचाने के लिए जो संभव है वह हर काम करने में लगे हुए हैं। उज्जैन में वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ की तैयारी के लिए इस सड़क को जरूरी और महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यही कारण है कि नगर निगम के द्वारा आज कार्रवाई की गई है। ध्यान रहे कि इस सड़क का निर्माण पहले से ही चल रहा है। अब जैसे ही बाधक हटाए जाएंगे वैसे ही सड़क के निर्माण को आकार देने का काम तेज हो जाएगा।

# निगम का पूरा अमला लोक अदालत की तैयारी में जुटा

**100 करोड़ से ज्यादा राजस्व लाने का लक्ष्य**

**हर बकायादार से किया व्यक्तिगत संपर्क**

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। इंदौर नगर निगम का पूरा अमला कल होने वाली लोक अदालत की तैयारी में जूटा है। इस लोक अदालत में 100 करोड से ज्यादा का राजस्व अर्जित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए हर बकायादार से व्यक्तिगत संपर्क किया गया है।

कल का दिन राष्ट्रीय लोक अदालत का दिन है। इस लोक अदालत में बकाया राशि जमा करवाने पर ब्याज और जुर्माने में छूट मिलती है। यहीं कारण है कि नागरिक अपनी बकाया राशि लोक अदालत में जमा करवाना पसंद करते हैं। नगर निगम की ओर से भी यह कोशिश की जाती है कि लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा कर संग्रहण किया जाएं। कल होने वाली लोक अदालत के लिए भी निगम के द्वारा व्यापक तैयारियां की गई है।

निगम की ओर से हर बकायादार से व्यक्तिगत संपर्क किया गया है। इसके साथ ही बकायादार को मोबाइल पर एसएमएस भेजे गए हैं। नोटिस भी दिया गया है। कोशिश की जा रही है कि 100 करोड रुपए से ज्यादा टैक्स इस लोक अदालत में मिल जाएं। वैसे वित्त वर्ष के प्रारंभ में होने वाली लोक अदालत में कभी भी ज्यादा टैक्स नहीं आता है। इसके बाद भी निगम अपने स्तर पर कोशिश करने में कोई कमी नहीं रख रहा है। निगम की माली हालत के खराब होने के कारण इस लोक अदालत से स्थिति को सुधारने का प्रयास किया जा रहा है। निगम के अधिकारियों का मानना है कि इस लोक अदालत से जितनी ज्यादा राशि मिल जाएगी उतना ही सहयोग रहेगा। यही कारण है कि हम अपने स्तर पर पूरे प्रयास कर रहे हैं। हालत तो यहा हो गई है कि नगर निगम के द्वारा अपने मार्केट के दुकान के बकाया किराए को भी वसूलने की कोशिश की जा रही है। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के द्वारा लोक अदालत को ध्यान में रखते हुए पिछले दिनों नगर निगम के अधिकारियों की बैठक भी ली गई। इस बैठक के माध्यम से राजस्व विभाग के सभी कर्मचारियों को पूरी ताकत के साथ राजस्व संग्रहण का कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। राजस्व विभाग में नगर निगम की में अब आकाश सिंह अपर आयुक्त के रूप में काम काज संभाल रहे हैं। उनके द्वारा यह काम संभाले जाने के बाद यह पहली लोक अदालत है ऐसे में उनकी ओर से भी कोशिश है कि लोक अदालत के माध्यम से वे अपने कामकाज का बेहतर संदेश दे सकें।

# पुरुषोत्तम मास में नहीं होंगे मांगलिक कार्य

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पुरुषोत्तम-अधिक मास 17 मई से प्रारंभ हो रहा है, जो 15 जून तक चलेगा। इसमें शादी-ब्याह और मकान के मुहूर्त से लेकर अन्य मांगलिक कार्य नहीं होंगे। मानने वाले लोग तो मकान, दुकान, प्लाट की रजिस्ट्री तक नहीं कराते हैं। पहली बार होने वाले नए कार्य को भी रोकने की कोशिश की जाती है। यहां तक कि कुछ लोग आभूषण भी नहीं खरीदते हैं। 15 जून को इस अधिकमास की समाप्ति के बाद मांगलिक कार्यों की शुरूआत होगी। पंडित जितेन्द्र पाठक ने बताया कि प्राचीन शास्त्रों के अनुसार अधिक मास में मांगलिक कार्य नहीं करना चाहिए, फल प्राप्ति की कामना से किए जाने वाले सभी कार्य नहीं होते हैं। घरों में कोई नई वस्तुएं भी नहीं लाना चाहिए। पहली बार कोई बड़ी यात्रा भी नहीं करना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र में कुएं, बावड़ी, तालाब, बोरिंग और वस्तुएं खरीदने पर भी धार्मिक रूप से रोक रहती है। इस एक माह में धार्मिक कार्य प्रभु आराधना में होना चाहिए। खासतौर से भागवत कथा का रसपान होना चाहिए। धार्मिक कई पाठ है वे किए जाना चाहिए। शनिवार, मंगलवार को सुन्दरकांड-हनुमान चालीसा का पाठ, शिवाष्टक, दुर्गा शप्तसति सहित अन्य पाठ भी इस एक माह में आराधना के रूप में होना चाहिए।

# कुल्फी निर्माण बंद कराया

## अलग-अलग प्रतिष्ठानों से लिए 29 नमूने

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जिला प्रशासन के खाद्य विभाग ने दो दिनों में अधिकारियों की टीम ने अलग-अलग प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। 29 नमूने खाद्य के लिए गए। गंदगी पर फटकार भी लगाई गई। धार रोड स्थित माँ इंटरप्राइजेज पर औचक निरीक्षण के दौरान प्रोपराइटर विष्णु सुथार परिसर में कुल्फी निर्माण कार्य संचालित करते पाए गए। मौके पर 'बॉम्बे चौपाटी' ब्रांड के विभिन्न फ्लेवर की आइसक्रीम एवं फ्रोजन डेजर्ट को कोल्ड रूम में संग्रहित पाया गया। जांच के दौरान प्रतिष्ठान द्वारा कोई वैध खाद्य लाइसेंस या पंजीयन प्रस्तुत नहीं किया गया। खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा पुराने पते का पंजीयन दिखाया गया, जो केवल स्टोरेज के लिए मान्य था, जबकि वर्तमान परिसर में निर्माण, ट्रेडिंग और स्टोरेज तीनों गतिविधियां संचालित हो रही थीं।

निरीक्षण में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। फूड हैंडलर्स बिना कैप, एप्रोन और ग्लव्स के कार्य करते मिले।





निर्माण स्थल पर गंदगी पाई गई तथा मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं थे। कुल्फी के सांचे फर्श पर रखकर निर्माण कार्य किया जा रहा था और कच्चा माल खुले एवं अव्यवस्थित रूप से रखा गया था। मौके से कुल्फी एवं फ्रोजन डेजर्ट के कुल 8 नमूने जांच हेतु लिए गए। बिना वैध लाइसेंस खाद्य कारोबार संचालित किए जाने पर प्रारंभिक प्रकरण दर्ज कर परिसर में खाद्य कारोबार तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया। विभाग ने स्पष्ट किया कि वैध पंजीयन एवं आवश्यक स्वच्छता मानकों की पूर्ति के बाद ही संचालन की अनुमति दी जाएगी।

वहीं बियाबानी धार रोड स्थित पंकज आइस कैंडी का भी निरीक्षण किया। यहां विभिन्न प्रकार की आइस कैंडी एवं फ्रोजन डेजर्ट का निर्माण पाया गया। जांच के लिए आइस कैंडी के 3 और फ्रोजन डेजर्ट के 2 नमूने, कुल 5 नमूने लिए गए। राधिका फरियाली एंड सैंडविच का निरीक्षण किया गया। मौके पर गोपाल प्रजापत प्रभारी के रूप में उपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई एवं पेस्ट कंट्रोल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए तथा साबूदाना खिचड़ी का एक नमूना जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया। श्री साईं डोसा भवन का निरीक्षण कर यहां से दो नमूने जांच के लिए भोपाल भेजे। चाइनीज वोक से सॉस एवं पनीर के 2 नमूने लिए गए। एशिया 7 से हक्का नूडल्स का नमूना लिया गया। मोम स्टेशन जूस से पाइनएप्पल एवं मिक्स फ्रूट जूस के 2 नमूने लिए गए। उपभोक्ता शिकायत पर ब्लिंक कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड विजय नगर का निरीक्षण कर गंगवाल सूजी एवं गंगवाल मैदा के 2 नमूने लिए गए। समोसा.नीक से चटपटा समोसा का नमूना लिया, सामग्री के तीन नमूने भी लिए। डॉक्टर जोश से पाइनएप्पल जूस एवं सैंडविच के 2 नमूने जांच हेतु लिए गए। पालदा स्थित क्वालिटी केला कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण भी किया गया। जांच के दौरान फलों को पकाने के लिए अनुमत रसायनों का उपयोग पाया गया।

---

# यातायात दबाव के समय ड्रोन से यातायात निगरानी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पुलिस द्वारा यातायात दबाव के समय महत्वपूर्ण चौराहों पर ड्रोन से यातायात व्यवस्था की निगरानी की जा रही है, इनमें एमआर 10, बापट चौराहा, राजवाड़ा, पलासिया क्षेत्र प्रमुख है। यातायात नियम नहीं पालने वाले वाहनों पर ड्रोन से प्राप्त इनपुट के आधार पर मौके पर तैनात यातायात पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई की गयी जिसमे नो पार्किंग, संकेत उल्लंघन, रॉंग साइड आदि पर कार्यवाही की गई। ड्रोन सर्विलांस के दायरे को और अधिक विस्तारित करने के लिए यातायात के चारों जोनों में अलग-अलग ड्रोन टीमों द्वारा लगातार पिक ऑवर्स में कार्य किया जा रहा है। इनमें राजवाड़ा, फ्रुटमार्केट, यशवंत रोड, खजूरी बाजार, सराफा, संजयसेतु, नंदलालपुरा, मृगनयनी एवं बापट चौराहा, एमआर-10, एलआईजी, पलासिया, घण्टाघर, गिटार तिराहा, इंडस्ट्रीज हाउस प्रमुख है। ड्रोन सर्विलांस टीम द्वारा जहां कहीं भी यातायात बाधित पाया गया, वहां से तत्काल वायरलेस के माध्यम से कंट्रोल रूम को सूचना प्रेषित की गई। कंट्रोल रूम द्वारा नजदीकी ट्रैफिक पॉइंट को सूचित कर त्वरित रूप से यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया गया। आगामी समय में भी यातायात पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों को चिन्हित कर ड्रोन सर्विलांस के माध्यम से इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रखी जाएगी।

# पौने तीन टन प्रतिबंधित पालीथिन जब्त

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने झोन 21 वार्ड 79 के अन्तर्गत कैट रोड स्थित फैमिली कलेक्शन (मोक्ष ट्रेडर्स) पर बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 2750 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त कर संबंधित गोदाम को तत्काल प्रभाव से सील किया गया। निगम की टीम पहुंची और गोदाम खोलने का संचालक को कहा तो गोदाम नहीं खोला गया। निगम की टीम ने ताला काटकर गोदाम की जांच की, इसमें प्रतिबंधित प्लास्टिक के पॉलीथिन, कैरी बैग का 2750 किलोग्राम याने पोने तीन टन प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की गई। इस गोदाम को तत्काल सील कर दिया गया। इन पॉलीथिन को निपटान के लिए नेप्रा प्लांट भेजा गया। कार्रवाई में निगम स्वास्थ्य विभाग के अवधनारायण सिंह, विजय यादव, रवि सिंह, मींटू कल्याणे मौजूद थे।







# महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए इंदौर जिले के शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के सभी विभागों में एआईसीटीई एवं काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर से संबंध डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। प्रवेश हेतु न्यूनतम योग्यता कक्षा दसवीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। वर्तमान में संस्थान में चार इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, फैशन टेक्नोलॉजी, आर्किटेक्चर एंड इंटीरियर डिजाइन एवं होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी संचालित किया जा रहे हैं। इन सभी पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया अध्यक्ष काउंसलिंग समिति, आयुक्त तकनीकी शिक्षा संचालनालय भोपाल द्वारा ऑनलाइन आयोजित की जा रही है। प्रथम चरण हेतु रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 29 मई 2026 है एवं इच्छित संस्था में चॉइस फिलिंग की अंतिम तिथि 02 जून 2026 है। संस्था प्राचार्य विजया शिंदे ने उक्त जानकारी दी।

---

# आबकारी विभाग ने की अवैध शराब पर कार्रवाई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आबकारी विभाग के देवेश चतुर्वेदी, मनोज अग्रवाल, धर्मेंद्र जोशी, सी.के. साहू के नेतृत्व में गत दिवस इंदौर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध मदिरा, सार्वजनिक मदिरापान, स्वच्छता उल्लंघन एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध विशेष सघन अभियान चलाया गया। आबकारी विभाग द्वारा शहरभर की मदिरा दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। विशेष अभियान के अंतर्गत कल्याण मिल, मालवा मिल, गंगानगर, 140 नंबर, भमोरी, एमआर-11, कनाड़िया, राजमोहल्ला, पलासिया, एमआर-10, परदेशीपुरा, राजेंद्र नगर एवं सब्जी मंडी सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्थित मदिरा दुकानों एवं उनके आसपास के क्षेत्रों में सघन जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दुकानों के आसपास स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा कर संबंधित अनुज्ञाधारियों को दुकान परिसर एवं 50 मीटर परिधि में साफ-सफाई बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए गए। कई स्थानों पर गंदगी पाए जाने पर तत्काल सफाई कराई गई। अभियान के दौरान मदिरा दुकानों के आसपास संचालित अवैध ढाबों एवं अनधिकृत गतिविधियों पर भी कार्रवाई की गई। कई अवैध ढाबों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर उन्हें बंद कराया गया।





विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया कि भविष्य में भी इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर निरंतर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। क्रेसरबाग रोड पर दोपहिया वाहन पर सवार आरोपी सुनील पिता सुरेश एवं शुभम पिता सुरेश के कब्जे से चार पेटियों में कुल 90 केन बोल्ट बीयर विदेशी मदिरा बरामद की गई। साथ ही आरोपी से मौके पर मदिरा एवं वाहन जप्त किया जिसकी कीमत 81हजार के करीब है। कर कार्रवाई की गई। मीरासिंह की टीम ने पलसीकर चौराहे पर दोपहिया वाहन पर दो बोरियों में अवैध मदिरा ले जाई जा रही थी। तलाशी लेने पर वाहन से 24 केन बोल्ट बीयर एवं 50 पाव देशी मदिरा कुल 21 बल्क लीटर मदिरा बरामद की गई। मौके से आरोपी सचिन पिता फतेसिंह एवं विष्णु पिता गोपाल को गिरफ्तार किया गया। मदिरा वाहन की कीमत 51 हजार के करीब बताई गई। संपूर्ण अभियान के दौरान कुल 22 प्रकरण कायम किए गए, जिनमें लगभग 15 लीटर देशी मदिरा एवं 120 लीटर विदेशी मदिरा जप्त की गई।

वहीं सुपर कॉरिडोर गांधीनगर क्षेत्र में गश्त के दौरान एक लाल रंग की एक्टिवा से छावनी क्षेत्र में 125 क्वार्टर देशी प्लेन और मदिरा जब्त की। मदिरा और वाहन का मूल्य 65 हजार रु. बताया। आरोपी करण पिता राधेश्याम को गिरफ्तार किया। कार्रवाई में उस्मान मिर्जा, एलन बघेल, राहुल जामोद एवं चालक रफीक का सराहनीय योगदान रहा। होंडा एक्टिवा से आबकारी विभाग ने 12 बोतल विदेशी व्हिस्की जब्त की। जब्त मदिरा और वाहन का मूल्य करीब 60 हजार रु. हांका गया। आरक्षक अरविंद शर्मा, विक्रम यादव, कुलदीप एवं विकास मंडलोई का विशेष योगदान रहा।



# 12 मई को राष्ट्रीय मांग दिवस के रूप में मनाएं

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र फेडरेशनों और एसोसिएशनों के मंच ने ट्रेड यूनियनों से आव्हान किया है कि वह 12 मई को राष्ट्रीय मांग दिवस के रूप में मनाए। केंद्रीय श्रम संगठनों ने आवाहन किया है कि 12 मई को राष्ट्र व्यापी मांग दिवस मनाएं और हड़ताली श्रमिकों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए कारखाने औद्योगिक इकाइयों और समूह में अभियान आयोजित करें ताकि औद्योगिक संगठनों के विभिन्न वर्गों विशेष रूप से संविदात्मक और अनियमित वर्गों को आगे बढ़ाएं इसमें श्रमिकों को 26000 रुपए प्रतिमाह न्यूनतम वेतन, डबल ओवर टाइम, साप्ताहिक अवकाश एवं बोनस सुरक्षा नौकरी की गारंटी दी जावे, एलपीजी की बढ़ती कीमतों पर रोक लगाई जाए, बिजली के बढ़ते दामों पर रोक लगाई जाये, स्मार्ट मीटर अनिवार्यता खत्म की जाए, गिरफ्तार किए गए सभी श्रमिकों और श्रम संगठनों के पदाधिकारियों को बिना शर्त रहा किया जाए, श्रमिक विरोधी श्रम संहिताएं वापस ली जाए, ट्रेड यूनियन के साथ तत्काल त्रिपक्षीय वार्ता और भारत के श्रम सम्मेलन का तत्काल आयोजन किया जाए, कार्य स्थल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, संविदा श्रमिकों को समान कार्य का समान वेतन और स्थाई नौकरियां पी एफ की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। कल केंद्रीय श्रम संगठनों की बैठक इंटक प्रदेश अध्यक्ष श्री श्याम सुंदर यादव की अध्यक्षता में एटक कार्यालय शहीद भवन पर आयोजित की गई जिसमें श्याम सुन्दर यादव, रुद्रपाल यादव, प्रमोद नामदेव, सीएल सर्रावत, हरिओम सूर्यवंशी, लक्ष्मीनारायण पाठक, कविता मालवीय सहित अन्य मौजूद थे। यह भी तय हुआ कि 12 मई को प्रातः 11 बजे मध्य प्रदेश श्रम आयुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया जावेगा और राष्ट्रपति व श्रम आयुक्त के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।

## संत का बरसी महोत्सव और मंदिर का स्थापना दिवस मनेगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** माली मोहल्ला, स्थित श्री महाप्रचंड हनुमान मंदिर पर संत लादूनाथजी महाराज गुरु आश्रम न्यास समिति के तत्वावधान एवं महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में दो दिवसीय स्थापना दिवस एवं सदगुरु लादूनाथ महाराज के बरसी महोत्सव का आयोजन एवं मंदिर का स्थापना दिवस 13 और 14 मई को मनाया जाएगा। 13 मई की सुबह अखंड रामायण पाठ से आयोजन शुरू होगा और पूर्णाहुति 14 मई को सुबह 10 बजे होगी। गुरुवार शाम 5 बजे महाप्रसादी एवं रात में भजन सत्संग के आयोजन होंगे। इन्दौर के अलावा बाहर से भी श्रद्धालु शामिल होंगे।

# आचार्य का कल मंगल प्रवेश

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आचार्य हितेशचन्द्रसूरीश्वर म.सा. का मंगल प्रवेश कल गुमाश्ता नगर में मुनि मंडल, श्रमणी मंडल, श्रीसंघ के साथ होगा। आचार्य के मंगल प्रवेश को लेकर तैयारियां की जा रही है। मंगल प्रवेश सामैया कल सुबह 8 बजे नाकोड़ा मंदिर से प्रारंभ होगा, अलग-अलग मार्ग से होता हुआ यह मंगल प्रवेश जुलूस गुमाश्ता नगर स्थित श्री सीमंधर स्वामी राजेन्द्रसूरी गुरु मंदिर पहुंचेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं, युवा एवं समाजजन धर्म ध्वजाओं और जयकारों के साथ शोभायात्रा में शामिल होंगे। देवेश जैन ने बताया कि आयोजन के बाद स्वामी वात्सल्य भी होगा। लाभार्थी संतोष देवेश, भावेश, युवान, नीत पिपाड़ा परिवार है।

# जैन महिला शपथ आयोजन में सिलाई मशीन भेंट

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

विजयनगर दिगंबर जैन महिला परिषद अंजना संभाग विजयश्री शाखा की शपथ विधि आयोजित की गई। केन्द्रीय अध्यक्ष शकुंतला जैन ने सविता जैन को अध्यक्ष, विभा जैन को सचिव, रजनी पवैया को कोषाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। सविता जैन, शकुंतला जैन, विभा जैन, रजनी पवैया, प्रभा जैन, सरलता सांवरिया, मीना गोदरे, मुक्ता राजेश जैन, संतोष लुहाड़िया, कल्पना बंडी, माधुरी जैन की



मौजूदगी में निराश्रित युवती को सिलाई मशीन भेंट की गई। एमवाय अस्पताल में दवाइयां और नवजात शिशु को वस्त्र प्रदान किए।





# बालिका के प्रथम जन्मदिवस पर पड़ दादा की स्मृति में वॉटर कूलर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भारत विकास परिषद अहिल्या नगरी ने टिम्बर मार्केट में वॉटर कूलर का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित कराया। पड़ दादा किशोरीलाल अग्रवाल की स्मृति में राजरानी अग्रवाल के हाथों पड़ पोती त्रिशिका के पहले वर्ष के जन्मदिन पर यह वाटर कूलर की सौगात दी गई। परिषद के संतोष साबू ने जानकारी दी। संजय मेहता, गौरव माहेश्वरी, नीरज अग्रवाल मौजूद रहे।

# रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट की सौगात

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।**

खालसा स्टेडियम में कल से रात्रिकालीन क्रिकेट की सौगात शुरूआथ हुई, यह आयोजन 10 मई तक जाएंगे। 10 मई को फाइनल मैच होगा, जिसमें एक लाख रु. का नकद पुरस्कार विजेता को और उपविजेता को 51 हजार का पुरस्कार मिलेगा। वहीं पुरस्कार होंगे। कल शुभारंभ के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय लेकर सिक्का उछालकर टॉस किया गया और मैच की शुरूआत हुई, आयोजक



चलेगा इस टूर्नामेंट में 32 टीमें भाग ले रही है, रोजाना 5 मैच खेले बेस्ट बॉलर, बेस्ट क्रिकेटर, मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरिज के रवि बैरागी, राहुल भाटी, सीताराम व्यास ने उक्त जानकारी दी।

# सामूहिक सामायिक एवं जाप आराधना



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आचार्य ऋषभपद्मसागर म.सा. अजीतचंद्र सागर म.सा. के आचार्य पदवी निमित्त आज सामूहिक सामायिक एवं जाप आराधना आयोजन किया जा रहा है। आयोजन से जैन श्री संघ में सामूहिक सामायिक एवं मंत्र जाप आराधना का आयोजन अलग-अलग जगह किया जा रहा है। प्रदीप जैन ने बताया कि श्री नरीमन-नवकार जैन संघ ट्रस्ट, नरीमन सिटी, द्वारा आयोजित इस धार्मिक आयोजन में 'सोने में सुगंध धनंजय' की ध्वजा दिवस के उपलक्ष्य में श्रद्धालु 'ॐ ह्रीं अर्हं श्री सिद्धगिरिराजाय नमः' मंत्र का 108 बार जाप किया। साथ में 'ॐ ह्रीं नमो आयरियाणं' मंत्र की आराधना भी 1 घंटे तक की गई। आयोजन में पिपली बाजार, रेसकोर्स रोड, तिलकेश्वर पार्श्वनाथ तीर्थ ट्रस्ट, कालानी नगर, नरीमन, आलोक नगर, क्लर्क कॉलोनी, महेश नगर, रतनबाग, हाई लिंक सिटी, पार्श्वनाथ नगर, राज नगर, जानकी नगर, वर्धमान नगर एवं वल्लभ नगर, राऊ श्री संघ सहित अनेक जैन श्वेतांबर श्रीसंघों की सहभागिता रही। प्रभावना भी की गई। शरद शाह, अभय खिंवसरा, सौरभ गोटावाला, पिंकेश जैन गोटावाला, विकास राजगढ़ वाला, अमित मेहता, अंकित जैन आयोजन से जुडे रहे।

# सफाई मित्र और परिवार के लिए स्वास्थ्य परीक्षण



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नगर निगम और मेडिकल कॉलेज द्वारा सफाई मित्रों और उनके परिजनों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण का अभियान अस्पताल में किया गया। अधिकारी, एमआईसी सदस्य और यूनिवर्सिटी के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में सफाई मित्र मौजूद रहे। कल पहले दिन 200 कर्मचारियों और परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। अपर आयुक्त प्रखर सिंह ने भी आखिरी में अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर कई जांचे करवाई। अश्विनी शुक्ला, शैलेष अवस्थी, जयनारायण चौकसे ने अपनी भूमिका निभाई।

# जैन बच्चे क्या सीख रहे हैं देखने पहुंचे समाजजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** यंग जैन स्टडी ग्रुप इंदौर द्वारा दिगम्बर जैन सन्मति स्कूल छावनी में जैन बाल एवं युवा संस्कार शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 2100 जैन समाज के बच्चे भाग ले रहे हैं। यह बच्चे क्या-क्या सीख रहे हैं उन्हें किस तरह की सुविधाएं मिल रही है यह शिविरार्थी कितने लाभान्वित हो रहे हैं इन सब मुद्दों को देखने जैन समाजजन स्कूल शिविर में पहुंचे। बच्चों से चर्चा





भी की। विनय बाकलीवाल, वीरेन्द्र बड़जात्या, डी.के. जैन, टीनू जैन, प्रवीण पाटनी,निलेश सेठी, जय गोधा, पुष्पेन्द्र वेद, जिनेन्द्र सेठी, सुशील गोधा, डॉ.प्रकाश जैन,पूनमचंद सतभैया, नेमीचंद जैन, दीपक पाटनी,सतीश जैन, लवलीन जैन सहित अन्य मौजूद थे।



# जहां सांस लेना मुश्किल, वहां लगाई दौड़

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

11575 फीट ऊंचे ज़ोजिला दर्रे पर जहां सांस लेना भी मुश्किल, वहां इंदौर का बेटा कार्तिक जोशी जमकर दौड़ा और पांचवें दिन ही 300 किलोमीटर की दूरी तय कर उधमपुर पहुंच गया। कारगिल वॉर मेमोरियल से शुरू हुई 4200 किलोमीटर लंबी 'कारगिल से कन्याकुमारी' दौड़ में इंटरनेशनल अल्ट्रा रनर कार्तिक जोशी ने 300 किलोमीटर से अधिक दूरी तय करते हुए उधमपुर पहुंचकर एक और ऐतिहासिक पड़ाव पार किया है। जम्मू पठानकोट आदि जगह पर कार्तिक का जगह जगह स्वागत होगा। और साथ में दौड़ेंगे भी। कार्तिक की टीम के-2-के प्रोजेक्ट के तहत 100 से अधिक ग्रास रूट रनर्स को रनिंग किट फ्री में देने का निश्चय किया है। उक्त जानकारी ओम जोशी ने दी।

# समाधान योजना में अब तक 9.26 लाख लाभान्वित

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। बिजली बिल के तीन माह से ज्यादा अवधि के बकायादार उपभोक्ताओं के लिए लागू समाधान योजना से अब तक 9 लाख 26 हजार उपभोक्ताओं ने सरचार्ज छूट का लाभ लिया है। सरचार्ज पर 90 प्रतिशत तक छूट की सुविधा 15 मई तक जारी रहेगी। योजना के तहत अब तक करीब 41 करोड़ रुपए की छूट दी गई हैं, कंपनी को करीब 301 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। राज्य शासन की बकाया बिजली बिलों के संबंध में प्रभावी समाधान योजना में सबसे ज्यादा एक लाख उपभोक्ता इंदौर जिले के लाभान्वित हुए, वहीं खरगोन जिले के 96 हजार, उज्जैन के 95200, रतलाम के करीब 81 हजार उपभोक्ताओं ने रियायत सुविधा का लाभ लिया हैं। अन्य जिलों के लाभार्थी उपभोक्ताओं की संख्या 30 हजार से 76 हजार तक हैं।

# दिनचर्या सुधार से रह सकते है स्वस्थ

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। शुभ सिटी, आरटीओ रोड,पालदा में रविवार 10 मई की सुबह 8:30 से 9:30 बजे तक सेमिनार सोसायटी प्रांगण में आयोजित होगा। विजय शारदा, महेश अजमेरा ने बताया कि बगैर दवाई सिर्फ आहार एवं विहार द्वारा किस तरह स्वस्थ रह सकते है, दिनचर्या सुधार कर स्वस्थ रहा जा सकता है इस विषय पर मार्गदर्शन और उदबोधन सतीश कुमार मंत्री देंगे।

# मोक्ष रथ पर डिस्प्ले में मोक्ष यात्री का नाम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन एवं महावीर ट्रस्ट द्वारा मोक्ष रथ सेवा शव वाहिनी प्रकल्प महावीर कीर्ति स्तम्भ रीगल तिराहा से किया जा रहा है। यह वाहन एयर कंडीशनर है। इस पर डिस्प्ले वर्ल्डवाइड लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था है। इस पर मोक्ष यात्री जिनका देवलोकगमन हुआ है उनका नाम भी डिस्प्ले पर आएगा। इसके लिए बुकिंग महावीर कीर्ति स्तम्भ पर हो रही है। राकेश विनायका ने उक्त जानकारी दी।





# योगा क्लब का स्थापना दिवस

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मॉडर्न योगा क्लब का स्थापना दिवस एवं योगाचार्य डॉ. शिवप्रकाश सिंह बघेल का जन्मदिवस योग प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया। नृत्य की प्रस्तुति भी हुई। सकोरों का वितरण किया गया। इस अवसर पर जसवीरसिंह होरा, असगर फिदवी, डॉ. मोहम्मद अली, राघवेन्द्रसिंह बघेल, डॉली खुराना, जुबेदा बहन, नसरीन बहरीनवाला, रचना देवड़ा एवं अकीला बेगम,रंजना खत्री, बिंदु महेश्वरी, शीतल अरेंजा, संध्या लश्करी, सीमा शर्मा, मधु सारस्वत, रीतू रस्तोगी, जगजीत सिंह खनूजा, वरिंदर सिंह खुराना, हरबेल सिंह चड्ढा, भूपेंद्र सिंह भाटिया, राजेश सुखेजा, मंसूर कॉलेजवाला, रंजना खत्री मौजूद थे।

# झलारिया में होगी भागवत कथा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा 14 से 20 मई बुधवार दोपहर 12 से 3 तक राजपूत धर्मशाला झलारिया बायपास पर अर्जुन गौतम उज्जैन वालों के श्रीमुख से होगी। आयोजक प्राचीन श्री शिव हनुमान मंदिर एवं समस्त ग्रामवासी झलारिया है।

# आज से तीन दिवसीय 'मैंगो जत्रा'



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मराठी सोशल ग्रुप ट्रस्ट द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'हिप्पो कार्पोरेशन प्रेजेंट्स मैंगो जत्रा' का शुभारंभ ग्रामीण हाट बाजार, ढक्कनवाला कुआं, साउथ तुकोगंज में आज से 10 मई तीन दिनों तक सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक आयोजन किया जा रहा है। 24 से अधिक आम उत्पादक हिस्सा ले रहे हैं। यहां केवल जीआई टैग प्रमाणित असली हापुस आम ही उपलब्ध रहेंगे। मैंगो जत्रा में इस बार 24 किसान हापुस आम लेकर आएंगे, हापुस की कई वेरायटी देखने को मिलेगी। नाम मात्र शुल्क पर चखने हेतु आम उपलब्ध रहेगा। सुधीर दांडेकर, राजेश शाह, तृप्ति महाजन, सुमेधा बावकर ने बताया कि चौपाटी का भी आकर्षण रहेगा। प्रवेश निशुल्क है।

# जैन दर्शन के सिद्धांत और संस्कार सीख रहे है बच्चे

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। नाकोडा पार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर में जैन दर्शन के सिद्धांत, संस्कार और जीवन निर्माण से सम्बंधित जानकारी दी जा रही है। साध्वी हर्ष प्रिया श्रीजी ने 8 से 16 वर्ष के 53 बच्चों को जैन धर्म के सिद्धांत, संस्कार, जीवन निर्माण पर प्रकाश डाला।



# विद्यार्थियों ने जीते इंटरस्कूल फेंसिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण और रजत पदक



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंटरस्कूल फेंसिंग प्रतियोगिता में स्पेशल स्कूल के बच्चों ने एसकेपीएस तिलक नगर में आयोजित प्रतियोगिता में कोच सईद आलम के मार्गदर्शन और कड़े प्रशिक्षण के चलते शिरकत कर अल्फ़ेज़ मुगल और काव्या मोलासरीया ने अपनी-अपनी श्रेणियों में स्वर्ण पदक वहीं अभय प्रताप सिंह ने कड़े मुकाबले में रजत पदक अपने नाम किया।

# राजबाडा पर होगी मित्तल की भजन संध्या

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। भजन गायक कन्हैया मित्तल द्वारा राजबाडा पर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। सुभाष चौक स्थित राम भक्त हनुमान मंदिर पर यह आयोजन होगा। 17 मई को खाटू श्याम बाबा और हनुमानजी के भजनों की प्रस्तुति मित्तल देंगे। उक्त जानकारी जीतू गुरु ने दी।

# जीएसटी कमिश्नर के साथ व्यापारी पदाधिकारियों की चर्चा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



कैट की अगुवाई में व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर कमिश्नर अनय द्विवेदी का स्वागत किया। कमिश्नर और व्यापारियों के बीच 17 विषयों पर चर्चा हुई। यह बैठक जीएसटी कमिश्नर कार्यालय में की गई। बैठक में सियागंज, महारानी रोड, पेट्रोल पंप, न्यू सियागंज, अनाज मंडी, लोहा मंडी, ट्रांसपोर्ट, रेडीमेड, नमकीन एवं मिठाई, सराफा, कपड़ा मार्केट, टिंबर मार्केट, मालवा मिल, जेल रोड, एम टी एच कंपाउंड पेंट एसोसिएशन, दाल मिल एफएमसीजी सहित 50 से अधिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में व्यापारिक हितों और जीएसटी से जुड़ी जटिलताओं पर विस्तृत चर्चा की गई। रमेश गुप्ता ने बताया कि जो व्यापारियों को 17 परेशानी आती है उन समस्याओं पर बिन्दूवार चर्चा की गई। कमिश्नर द्विवेदी ने कहा कि हम व्यापार बढ़ाने के लिए प्रयत्नशील है। हम पैनलाइजेशन नहीं बल्कि रियलिस्टिक रूप से रियलाइजेशन कर व्यापार बढ़ाने के उद्देश्य से कार्य करेंगे। हम चाहते है कि व्यापारी जो अच्छा परफॉर्म कर रहे है उन्हें विभाग सम्मानित करे ताकि अन्य व्यापारी प्रेरित हो। आपने बताया कि आपकी परेशानी त्वरित हल हो इस हेतु वर्चुअल सुनवाई प्रारंभ कर चुके है साथ ही चेकपोस्ट पर ट्रक परिवहन में जीएसटी के नाम पर गाड़ियों की परेशानी दूर हो ऐसे कदम भी विभाग ने उठाए हैं। हम कैट के माध्यम से इस मुलाकात से उत्साहित हैं और कैसे प्रदेश में व्यापार सकारात्मकता से प्रगति कर सकता है के लिए भी आप हमे बताते रहे। उपयुक्त प्लेटफॉर्म तक आपकी बातें रखने का पूरा प्रयास करेंगे। जीएसटी विभाग द्वारा आश्वस्त किया गया कि स्थानीय स्तर की समस्याओं का तत्काल निराकरण होगा और नीतिगत विषयों को केंद्र व राज्य सरकार तक भेजा जाएगा। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक धीरज खंडेलवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार के माध्यम से व्यापारी हितों की रक्षा और समस्याओं का पूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 'व्यापारी कल्याण बोर्ड' की स्थापना किए जाने के ऐतिहासिक निर्णय पर कैट इंदौर शाखा ने हर्ष व्यक्त किया। इस उपलब्धि की खुशी में सभी उपस्थित सदस्यों का मुंह मीठा कराया गया और लड्डू बांटे गए। इस दौरान हरीश विजयवर्गीय, राजकुमार साबू, प्रवीण नीखरा, मोहित पारीख, पवन जैन, सुमित जैन, संजय आहूजा, अरुण पटेल, हर्ष खंडेलवाल, मुरली खंडेलवाल, मोहम्मद पीठावाला, नारायण अग्रवाल, अनुराग बोथरा, अशोक ठाकुर, जगदीश गुप्ता, सुरेश हरियाणी, वासुदेव चेलानी, नईम पालवाला, मनीष चौधरी, दिलीप चांदवानी, कमल छत्री सहित अन्य मौजूद थे।

# बंगाली से पिपलियाहाना चौराहा का ग्रीन बेल्ट संवरेगा

**इंदौर।** अब बंगाली स्क्वायर सपना संडविच के सामने से लेकर पिपलियाहांना चौराहे तक लंबे-चौड़े उजाड़ ग्रीन बेल्ट को सजाने संवारने की बारी आ गई है। जिसके अंतर्गत अब निगम यहां डेढ़ लाख रुपए से ज्यादा खर्चकर लंबे समय से उजाड़ पड़े ग्रीन बेल्ट में सजाने-संवारने के काम शुरू करेगा। जिसके तहत यहां बारिश से पहले बारी-बारी से सौंदर्यकरण के काम शुरू कर शकुंतला हॉस्पिटल के सामने वाले ग्रीन बेल्ट की तरह यहां भी ग्रीन बेल्ट में सालों बाद हरियाली और खूबसूरती के लिए एक साथ कई काम होंगे।

## रोशनी के लिए लगेंगी आकर्षक लाइटिंग

*यही नहीं रोशनी के लिए बगीचे में आकर्षक डिजाइनर पोल वाली खूबसूरत लाइटिंग भी लगेगी। यही नहीं इसके अलावा लोगों के लिए बैठक व्यवस्था के लिए आकर्षक रंग बिरंगी बेंच लगाई जाएगी। साथ ही पिछले दिनों शकुंतला हॉस्पिटल के सामने तैयार ग्रीन बेल्ट की तरह यहां भी आकर्षक बगीचे का निर्माण कर सालों से उजाड़ पड़े ग्रीन बेल्ट में पहली बार हरियाली और खूबसूरती बढ़ाने के प्रयास करेगा। जिसको लेकर निगम ने अपनी ओर से निविदा जारी कर तैयारी भी शुरू कर दी है। जिसके तहत अगले माह निविदा प्रक्रिया पूरी होते ही निगम द्वारा बारिश से पहले यहां काम भी शुरू कर दिया जाएगा।*

## टूटी फूटी जालियों की बजाय चारों ओर सुरक्षा घेरे का होगा निर्माण

जिसके अंतर्गत वार्ड 41 में स्थित बंगाली स्क्वायर से आगे सर्विस रोड के पास से पिपलियाहांना चौराहे तक हिस्से में लंबे समय से उजाड़ ग्रीन बेल्ट में फिर से हरियाली के लिए चारों तरफ सुरक्षा बाउंड्री वॉल निर्माण करने के साथ मजबूत लोहे की जालियां लगवाएगा। इसके अलावा हरियाली सहेजने के लिए ग्रीन बेल्ट में बारिश के सीजन में एक से बढ़कर एक आकर्षक पेड़-पौधे भी लगाए जाएंगे। साथ ही आसपास के लोगों के लिए ग्रीन बेल्ट में आधा किमी से ज्यादा लंबा-चौड़ा वाकिंग ट्रेक बनाया जाएगा जिस पर क्षेत्र के हजारों रहवासी परिवार सुबह - शाम आराम से घूम सकेंगे।

## भागवत के पहले कलश यात्रा निकलेगी

**खरगोन ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** खरगोन जिले के ग्राम आकावल्या स्थित पाटीदार धर्मशाला में 11 से 17 मई दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। 11 मई को सुबह 8 बजे से कलश यात्रा निकाली जाएगी। कथा का रसपान शैलेन्द्र शास्त्री कराएंगे। समापन 17 मई रविवार को पूर्णाहुति एवं भंडारा प्रसादी के साथ होगा, जिसमें श्रद्धालुजन प्रसादी ग्रहण करेंगे। प्रेमचंद पाटीदार, अभिषेक पाटीदार, अंकित (गौरव) पाटीदार आयोजन से जुडे है। कथा की तैयारियां की जा रही है।

# वरिष्ठ अधिकारी ने लिया धार में पेयजल और गेहूं उपार्जन का जायजा



**धार ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अपर मुख्य सचिव व इंदौर संभाग के प्रभारी अनुपम राजन कल धार पहुँचे। यहाँ उन्होंने इंदौर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े के साथ ग्रामीण क्षेत्रों का निरीक्षण कर जल जीवन मिशन और समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन सम्बंधी व्यवस्थाएं देखी। इस दौरान वे पेयजल सम्बंधी समस्याओं का जायजा लेने सेजवाया और लेबड़ पहुँचे। यहां उन्होंने ग्रामीणों से सीधा फीडबैक लिया। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि 2 वर्ष से पंचायत द्वारा योजना संचालित की जा रही है। पानी पर्याप्त समय उपलब्ध होता है। साथ ही इस दौरान मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारी से भी जानकारी लेकर जल कर वसूली के सम्बंध में निर्देश दिए। राजन ने बाकसाना व लेबड़ के उपार्जन केंद्रों पर मौजूद किसानों से उन्होंने भुगतान, स्लॉट बुकिंग के साथ ही किसानों से सुझाव भी मांगे। इस दौरान इंदौर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, धार कलेक्टर राजीव रंजन मीणा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक चौधरी सहित खाद्य विभाग, पीएचई और अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए।

# निरीक्षण दल करेगा मानीटरिंग

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अपर मुख्य सचिव व इंदौर संभाग के प्रभारी अनुपम राजन की अध्यक्षता में गेहूँ उपार्जन एवं पेयजल व्यवस्था को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, खाद्य नागरिक एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी शामिल हुए। बैठक में इंदौर से संयुक्त आयुक्त विकास शिवानी वर्मा, उपायुक्त विकास पुरुषोत्तम पाटीदार, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के चीफ इंजीनियर संजय कुमार एवं अधीक्षण यंत्री शामिल रहे। धार वीसी कक्ष से संचालित हुई कान्फ्रेंस में अपर मुख्य सचिव एवं प्रभारी इंदौर संभाग अनुपम राजन ने संभाग के गेहूँ उपार्जन एवं पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने सभी कलेक्टर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि पेयजल और उपार्जन शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इस पर विशेष ध्यान दे। उन्होंने कहा कि गेहूँ उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करने के लिए निरीक्षण दल बनाकर सतत मॉनिटरिंग और समीक्षा भी करें। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्रों पर किसानों का गेहूँ तुलाई समय पर हो, शेष समय में पर्याप्त तौल कांटों की निगरानी रखें। उपार्जन केन्द्रों पर किसानों के लिए शीतल पेयजल, छाया सहित बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाए। जो भी स्थानीय समस्या आये कलेक्टर तत्काल सक्रियता के साथ निराकरण करेंगे। किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आये, इसका विशेष ध्यान रखें। वीडियो कॉन्फ्रेंस में अपर मुख्य सचिव राजन ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में शुद्ध पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही हैण्डपम्पों का संधारण किया जाए। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान और राजस्व वसूली की भी समीक्षा की।

# बिजासन नगर सामुदायिक भवन में एक और मंजिल की सौगात

## अधूरे भवन पर लाखों रुपए खर्चकर होगा बचा निर्माण कार्य अब पूरा



**इंदौर।** विधानसभा दो के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 23 के आदर्श बिजासन नगर में स्थित सामुदायिक भवन में अब आने वाले दिनों में एक और मंजिल की सौगात मिलने वाली है। जिसके तहत निगम यहां करीब 45 लाख रुपए के आसपास खर्च लंबे समय से आधे अधूरे सामुदायिक भवन पर आसपास के लोगों की सुविधा के लिए एक और नवीन मंजिल का निर्माण शुरू करेगा। यही नहीं इसके अलावा भी यहां और भी कई अधूरे निर्माण के काम बचे है इन्हें भी तेजी के साथ पूरे करेगा। जिसको लेकर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों ने आदर्श बिजासन नगर में क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर एकमात्र सामूहिक भवन पर पहली मंजिल के निर्माण को लेकर तैयारी शुरू कर दी है।

**आसपास के रहवासियों का सामूहिक आयोजनों का बचेगा खर्चा–** वहीं बड़ी बात यह है कि आदर्श बिजासन नगर क्षेत्र के गरीब मध्यवर्गीय जरूरतमंद परिवार के लोगों के लिए अब ज्यादा सुविधा होगी की घर के मांगलिक और सामाजिक आयोजन करने में अब और ज्यादा सुविधा होगी। निगम यहां लंबे समय से अधूरे सिविल के कामों को पूरा करने के साथ नव निर्माण भी करेगा। जिसके अंतर्गत अब यहां लाखों रुपए खर्चकर पुराने सामुदायिक भवन में आवश्यक सुधार कार्य शुरू कर एक और मंजिल का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू करेगा। जिसका फायदा आसपास के रहवासी परिवार को मिलेगा। जहां पहले से ज्यादा लंबे चौड़े भवन पर एक और मंजिल के निर्माण से लोगों को इसका सीधा फायदा मिलेगा। जहां भविष्य में लोग पहले से और ज्यादा जगह का उपयोग कर क्षेत्र के सामूहिक धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम और ज्यादा सुविधा के साथ आराम से कर सकेंगे।

## नेहरू नगर में पीछे की लाइनों में होगा सीमेंटीकरण

**इंदौर।** विधानसभा दो के अंतर्गत नेहरू नगर क्षेत्र में रोड नंबर 6, 7 और 8 के पीछे की लाइनों में लंबे समय से ड्रेनेज और नर्मदा लाइन डालने के कारण कई जगह से ऊबड़-खाबड़ सड़क की बजाय अब आने वाले दिनों में नई सड़क की सौगात मिलेगी। नेहरू नगर क्षेत्र की 6 7 और 8 नंबर रोड के पीछे पीछे की विभिन्न गलियों में खराब सड़कों की जगह सीमेंट कंक्रीट की सड़क निर्माण का काम शुरू करेगा। निगम ने निविदा भी जारी कर दी है आने वाले दिनों में बेहद जल्द टेंडर प्रक्रिया के बाद यहां काम शुरू हो जाएगा। जिससे बारिश से पहले लोगों को कीचड़ और गंदगी से राहत मिलेगी साथ ही नई सड़क की सौगात भी मिलेगी।

# 22 हजार किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदा गया गेहूँ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** रबी विपणन वर्ष के अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है। जिले में अब तक कुल 41 हजार 750 किसानों ने पंजीयन कराया है। शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गेहूं खरीदी 10 अप्रैल से प्रारंभ होकर 23 मई तक संचालित की जा रही है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदने के लिए व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। मंडी में अपनी उपज लाने वाले किसानों के लिए सभी आवश्यक प्रबंध भी सुनिश्चित किए गए हैं। कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्देश दिए हैं कि जिले में ऐसी व्यवस्था बनाए रखी जाए जिससे कि किसानों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक एम.एल. मारू ने बताया कि अब तक लगभग 22 हजार किसानों ने अपनी गेहूं फसल का विक्रय समर्थन मूल्य पर किया है, जिसके तहत करीब 17 लाख क्विंटल गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। किसानों को भुगतान की प्रक्रिया भी तेजी से की जा रही है। अब तक लगभग 284 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों के खातों में सफलतापूर्वक किया जा चुका है। जिले में 34 हजार 800 किसानों द्वारा गेहूं विक्रय हेतु स्लॉट बुक किए जा चुके हैं और स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया निरंतर जारी है। प्रशासन द्वारा खरीदी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पर्याप्त बारदाना एवं भंडारण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिले में इस वर्ष गेहूं खरीदी का लक्ष्य 3.5 लाख मीट्रिक टन (35 लाख क्विंटल) निर्धारित किया गया है।

संपादकीय

## स्कूल जा रही बच्ची को नोच डाला, आखिर आवारा कुत्तों को रोकने की जिम्मेदारी किसकी

पंजाब में जो हुआ, वह कोई अकेली घटना नहीं है। पहले भी इस तरह की कई घटनाएं हुई हैं। इन्हीं कारणों से लोगों का आक्रोश भी फूटा और हिंसक कुत्तों को निशाना बनाया गया। पंजाब के होशियारपुर जिले के एक गांव में बुधवार को आवारा कुत्तों के एक बच्ची पर हमले की घटना ने एक बार फिर सभी को झकझोर दिया है। कुत्तों के झुंड ने बच्ची को उस समय नोच कर मार डाला, जब वह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। सवाल है कि अगर इलाके में कुत्ते आक्रामक हो गए थे, तो समय रहते स्थानीय शासन ने क्यों नहीं ध्यान दिया। जबकि जोखिम बन गए कुत्तों को लेकर शीर्ष अदालत की ओर से स्पष्ट आदेश दिए जा चुके हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि लोगों की सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी है। मगर यह दायित्वबोध किसी भी स्तर पर नहीं दिखता। पंजाब में जो हुआ, वह कोई अकेली घटना नहीं है। पहले भी इस तरह की कई घटनाएं हुई हैं। इन्हीं कारणों से लोगों का आक्रोश भी फूटा और हिंसक कुत्तों को निशाना बनाया गया। होशियारपुर जिले में आवारा कुत्तों का समूह हिंसक हो चुका है, तो उन्हें पकड़ने की जिम्मेदारी किसकी थी? समय रहते उनकी पहचान कर ली जाती और उन्हें आश्रय गृह में भेज दिया जाता, तो मासूम बच्ची की जान नहीं जाती। यह एक विचित्र विडंबना है कि सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के बावजूद आवारा कुत्तों पर अंकुश लगाना सरकारी महकमों को जरूरी नहीं लगता है। अदालत में महीनों चली सुनवाई और उस पर आए निर्देशों के बाद भी आम लोगों, खासकर बच्चों की जान जोखिम में है। देश भर में इस मुद्दे पर चिंता जताए जाने और मामले सुर्खियों में आने के बावजूद संबंधित विभागों और अधिकारियों का रवैया अब भी उदासीन दिखता है। रिहाइशी इलाकों से हिंसक कुत्तों को हटाने की कोई कवायद नहीं हो रही, तो इसे अब गंभीरता से लेना होगा। अगर नगर निकाय और जिला प्रशासन निर्देशों की अवहेलना करेंगे, तो आखिर आम लोग कहां जाएंगे। निकायों से पूछा जाना चाहिए कि हिंसक हो गए कुत्तों को पकड़ने तथा उन्हें आश्रय गृहों में रखने की हिदायत दी गई थी, तो उसका पालन क्यों नहीं हुआ? आवारा कुत्ते आक्रामक हो रहे हैं, तो तत्काल कदम उठाए जाने चाहिए। नगर निकायों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। इस दिशा में अब सभी स्तरों पर समन्वित प्रयास की जरूरत है।

# पटाखा कारोबारी से 16 लाख की धोखाधड़ी

## उधार माल लेकर भुगतान से पलटा व्यापारी केस दर्ज

**इंदौर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एक थोक पटाखा व्यापारी से करीब 31 लाख रुपये का माल खरीदने के बाद आरोपी ने बकाया 16 लाख रुपये देने से हाथ खड़े कर दिए। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी व्यापारी के विरुद्ध धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक फरियादी सुरेश फेरवानी निवासी रीजनल पार्क रवि फायर वर्क्स के नाम से पटाखों का थोक व्यापार करते हैं, फ़रियादी ने पुलिस को बताया कि गड्डा पुलिया क्षेत्र के रहने वाले अविनाश जैन पिछले 3-4 वर्षों से उनकी दुकान से माल खरीद रहे थे। पुराने व्यापारिक संबंधों के कारण दोनों के बीच अच्छा तालमेल था।सितंबर-अक्टूबर 2025 के दौरान जब अविनाश जैन ने अहिल्या मार्केट में पटाखों की दुकान लगाई, तब 24 सितंबर से 24 अक्टूबर के बीच दोनों व्यापारियों के बीच करीब 31 लाख 58 हजार रुपये का कारोबार हुआ। समझौते के तहत अविनाश ने करीब 16 लाख रुपये बाद में देने की बात कही थी, जिसकी बकायदा लिखा-पढ़ी भी की गई थी। पुराने ग्राहक होने के नाते सुरेश फेरवानी ने भरोसे पर उधार माल दे दिया। लेकिन दीपावली बीतने के बाद जब भुगतान का समय आया, तो अविनाश जैन टालमटोल करने लगा। सुरेश पिछले एक महीने से लगातार तकादा कर रहे थे, लेकिन आरोपी ने अंततः रकम देने से साफ इनकार कर दिया और संपर्क तोड़ लिया। परेशान होकर सुरेश फेरवानी ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने बिलों, दस्तावेजों और बैंक लेनदेन की बारीकी से जांच की। धोखाधड़ी की पुष्टि होने पर पुलिस ने आरोपी अविनाश जैन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# सांवेर नोट कांड : कागज की गड्डियों से गहराया ठगी का शक





## अब टोल और सीसीटीवी से खुलेगा राज

**इंदौर।** सांवेर थाना क्षेत्र के एक खेत में नोटों से भरे बैग मिलने के सनसनीखेज मामले में पुलिस की तफ्तीश अब तकनीकी और मैदानी स्तर पर तेज हो गई है। बैग के भीतर असली नोटों के बीच जिस चतुराई से कागज के बंडल छिपाए गए थे, उसने पुलिस के शक की सुई 'धोखाधड़ी और ठगी' की ओर घुमा दी है। सांवेर पुलिस अब टोल नाकों और सीसीटीवी फुटेज के जरिए उसको तलाश रही है, जहां से ये बैग खेत तक पहुंचे।

शुरुआती जांच में यह बात साफ हो गई है कि यह मामला केवल लावारिस धन का नहीं, बल्कि किसी बड़ी ठगी की साजिश का हिस्सा हो सकता है। पुलिस का मानना है कि ठगों ने किसी को डबल मनी या ब्लैक-टू-व्हाइट के झांसे में लेने के लिए ऊपर-नीचे असली नोट और बीच में कागज की गड्डियां फंसाई थीं। एसडीओपी देवेंद्र धुर्वे के अनुसार, यह पैटर्न प्रोफेशनल ठगों का है, जो डील के दौरान लालच दिखाकर बैग बदल देते हैं। संदिग्धों तक पहुँचने के लिए पुलिस ने दोतरफा रणनीति अपनाई है खेत की ओर जाने वाले रास्तों और आसपास के टोल नाकों के फुटेज निकाले जा रहे हैं। पुलिस यह देख रही है कि किस वाहन में इस तरह के बैग रखे हुए थे।पुलिस बैग के ब्रांड और उसकी बनावट के आधार पर बाजारों में दुकानों की खाक छान रही है। यदि ये बैग हाल ही में खरीदे गए हैं, तो दुकानदारों से संदिग्धों का हुलिया मिल सकता है। पुलिस को अंदेशा है कि पकड़े जाने के डर से या किसी विवाद के बाद बदमाशों ने बैग को कार से चलते हुए खेत में फेंक दिया होगा। सीसीटीवी फुटेज में संदिग्धों की आवाजाही और उनके द्वारा इस्तेमाल किए गए वाहनों की पहचान की जा रही है। अधिकारियों का दावा है कि बैग की खरीद और वाहन के रूट से जल्द ही आरोपियों के चेहरे बेनकाब हो जाएंगे।

# टेंट हाउस जलकर राख

**इंदौर।** आज सुबह मांगलिया क्षेत्र में स्थित एक टेंट हाउस में भीषण आग लग गई। फायर ब्रिगेड के दमकल कर्मियों ने 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग में लाखों रुपए का माल जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड को आज सुबह 4:55 बजे आग की सूचना मिली। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड के दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे तो देखा टेंट हाउस में आग लगी है। दमकल कर्मियों ने पानी की बौछारें कर आग बुझाने का प्रयास किया। दूर से ही दिखाई दे रही थी इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि आग कितनी भयावाह है। दमकल कर्मियों ने 15 हजार लीटर पानी का उपयोग कर आग पर काबू पाया। टेंट हाउस संचालक अभय कुमार के मुताबिक आग में लगभग 20 लाख से अधिक का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण अज्ञात है।

# सौतेले पिता ने शराब के नशे में बेटी से किया दुष्कर्म

## विरोध करने पर की मारपीट,दरिंदगी के बाद दोबारा गलत काम की कोशिश की तो बहन के पास भागकर बचाई जान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

तुकोगंज थाना इलाके में एक 28 वर्षीय युवती ने अपने सौतेले पिता पर बलात्कार और प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाया है। आरोपी ने पहले शराब के नशे में हंगामा किया और फिर अगले दिन सुबह युवती की आबरू लूट ली।

28 वर्षीय पीड़िता ने तुकोगंज थाने में दर्ज कराई अपनी शिकायत में बताया कि घटना की शुरुआत 6 मई की रात से हुई। उसका सौतेला पिता राकेश शराब पीकर घर आया और बिना किसी बात के उसे अश्लील गालियां देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। उस समय युवती ने लोकलाज के डर से बात दबा ली, लेकिन आरोपी के मन में कुछ और ही चल रहा था। पीड़िता के अनुसार, अगले दिन यानी 7 मई की सुबह करीब 6 बजे, जब वह घर में अकेली थी, तब राकेश ने उसे जबरदस्ती पकड़ लिया और दूसरे कमरे में खींच ले गया। वहां उसने युवती के साथ डरा-धमकाकर बलात्कार किया। हैवानियत यहीं नहीं रुकी; कुछ देर बाद आरोपी ने दोबारा उसके साथ गलत काम करने का प्रयास किया। आरोपी के चंगुल से किसी तरह छूटकर पीड़िता अपनी बहन के पास पहुंची और उसे आपबीती सुनाई। बहन के साहस बंधाने पर पीड़िता ने थाने पहुँचकर आरोपी पिता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर आरोपी राकेश के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे हिरासत में लेने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 152050 | 152600 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 248900 | 258600 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# स्मार्ट इंदौर में जलसंकट, क्या मेट्रो प्लान फेल...?

## मास्टरप्लान की रोड में रोड़े के खेल और अब नए होर्डिंग घोटाले के बादल

### क्या है अपने इंदौर की गतिविधियों के असली खेल?

*इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जनप्रतिनिधि अपने राजनीतिक संतुलन में लगे रहतेतो क्या..? अपना हर इंदौरी हैरान-परेशान कभी ट्रैफिक, कभी हेलमेट, कभी निर्माण कार्यों से दुर्घटनाओं का सामना, अब मांग सुनियोजित योजनाओं की गतिविधियों की। अब न करो और परेशान, निर्माण कार्यों की समय सीमा सार्वजनिक हो। 25 साल आगे के सपने नहीं, एक-दो साल में पूर्ण होने वाले कार्यों के ही स्पष्ट मानक तय हों। इंदौरियों का जल संकट चरम पर.. तीसरे चरण की ही उपलब्धि नहीं और चौथे चरण का उद्घाटन कर दिया। मेट्रो अभी पूरे इंदौर में चली भी नहीं और प्री-वेडिंग शूट की योजना ले आए। क्या अतिरिक्त 800 करोड़ मेट्रो में इसी दिन के लिए लगाए थे..? लगता है आने वाली गतिविधि अब 'चलित इवेंट मेट्रो' नाम से होगी। 23 सड़कों के 80 फीट चौड़ीकरण के 468 करोड़ पास पर 50 से 60 फीट पर ही राजनीतिक संतुलन। एक दर्जन सड़कों के 20 फीट कम बनने में क्या और कब होगा उन पैसों का हिसाब..? भैया अपने इंदौर की बात ही सबसे अलग है।*

*9 के 9 विधायक, एक सांसद, महापौर, ज्यादा से ज्यादा कमल दल के पार्षद — सब हमारे इंदौरियों द्वारा कमल दल को दिए गए प्रेम का प्रतीक हैं। एक मंत्री, साथ ही मुख्यमंत्री भी अपने इंदौर के ही प्रभारी मंत्री। सभी बड़ी शिद्दत से इंदौर की योजनाओं और गतिविधियों में लगे रहते हैं। फिर भी अपने इंदौर में जल संकट अपनी चरम सीमा पर है। नल कनेक्शन से लेकर गंदे और बदबूदार पानी की शिकायतों की कतार लगी हुई है। टैंकरों से भी पूर्ति नहीं हो पा रही। आज हालत यह है कि कई क्षेत्रों में लोग पानी के टैंकर के लिए घंटों इंतजार कर रहे हैं। गलती से टैंकर पहुंच भी जाए तो कई जगह 'पाइप दिखाकर' ही वापस भेज दिए जाने जैसी शिकायतें सामने आ रही हैं। लोग ड्राइवर तक को 'खर्चा-पानी' देने को तैयार बैठे हैं ताकि घर तक पानी पहुंच जाए।*

*कुछ पार्षद भी लोगों से यह कहते दिखाई दे रहे हैं कि 'देख लेना, थोड़ा चाय-पानी दे देना।' एक पार्षद तो पानी संकट के सवाल पर जनसंख्या वृद्धि का भाषण देने लग गए।*

*'प्रचार मां रेवा के चौथे चरण का..! सेहरा सब को बंधवाना था। रिपोर्ट कार्ड किसे दिया? तीसरे चरण का..! क्या ये नहीं बताना था। आज भी शहर जल संकट से फिर क्यूं जूझ रहा।' अब आते हैं मेट्रो पर। मेट्रो अभी पूरे इंदौर में चालू भी नहीं हुई है भैया, पर अब लगता है उसे 'चलित इवेंट मेट्रो' बना देना भी कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी, जब प्री-वेडिंग शूट जैसी गतिविधियों की योजना सामने आने लगी है। जनता पूछ रही है कि क्या अतिरिक्त 800 करोड़ इसी दिन के लिए लगाए गए थे..? जब शहर ट्रैफिक, जल संकट और अधूरे निर्माणों से जूझ रहा हो, तब प्राथमिकताएं सुविधा होनी चाहिए या प्रदर्शन..?*

*आगे हमारे इंदौरी राजनेता भी सड़कों के चौड़ीकरण को लेकर असमंजस में दिखाई देते हैं कि एक इंच सड़क भी कम न बने, या राजनीतिक संतुलन के लिए कुछ घटाव कर दिया जाए। 23 सड़कों के 80 फीट चौड़ीकरण के लिए 468 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए, लेकिन अब 50 से 60 फीट तक सीमित निर्माण की चर्चाएं सामने आ रही हैं। तो सवाल यह है की एक दर्जन सड़कों में लगभग 20 फीट कम निर्माण होने पर बाकी बचने वाले पैसों का हिसाब कब और कैसे सामने आएगा..?*

*शहर में अब नए यूनीपोल और होर्डिंग भी चर्चा और विवाद का विषय बनते जा रहे हैं। सड़क किनारे बड़े-बड़े पोल, आधी सड़क तक फैले बोर्ड, और फिर उन पर मानकों की अनदेखी तथा घोटाले के आरोप। अब सवाल यह भी है कि क्या हर नई गतिविधि पहले प्रचार और बाद में जांच का विषय बनती जाएगी..? क्या शहर में योजनाओं के लिए कोई स्पष्ट नीति निर्धारण, तय मानक और जवाबदेही है भी या नहीं..? आज प्रदेश में हर महीने हजारों करोड़ रुपये का कर्ज लिया जा रहा है। तो प्रश्न उठता है कि आखिर इतनी बड़ी उधारी क्यों..? क्या शासन की आय का स्रोत अब केवल चलानी कार्यवाही और कर्ज ही रह गया है..? यदि आय सीमित है, तो बिना स्पष्ट नीति निर्धारण के मुफ्त योजनाओं की राजनीति कितनी उचित है..? 'कर्जा लेकर घी पीना' आखिर कब तक चलेगा..? जो पैसा इन योजनाओं, मेट्रो, सड़कों, जल योजनाओं और होर्डिंग व्यवस्थाओं में लगाया जा रहा है, वह किसी नेता या दल का नहीं — आम जनता का पैसा है। तो क्या हर परियोजना की समय सीमा, गुणवत्ता और सार्वजनिक हिसाब तय नहीं होना चाहिए..? विकास केवल उद्घाटन, विज्ञापन और बड़े-बड़े होर्डिंग से सिद्ध नहीं होता। विकास तब सिद्ध होता है जब आम नागरिक को समय पर पानी मिले, सुरक्षित सड़क मिले और योजनाओं का लाभ जमीन पर दिखाई दे। वादों की नाव बहुत चली, लेकिन अब जनता परिणाम मांग रही है। 25 साल आगे के सपने दिखाने के बजाय, एक-दो साल में पूर्ण होने वाले कार्यों के स्पष्ट मानक तय होने चाहिए। यदि आज भी शहर मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है, तो केवल नए चरणों और नए उद्घाटनों से भविष्य नहीं बदलेगा। प्रणाली में पारदर्शिता, नीति निर्धारण और जवाबदेही ही वास्तविक 'स्मार्ट सिटी' का आधार बन सकती है। 'वादों की नाव चली बहुत, पर सच भी सामने आना था। आज भी शहर जल संकट से जूझ रहा, तो फिर ये विकास कहां दिखाना था?'*

***-अंशुल पंडित***

# दिल्ली को अस्थिर बल्लेबाजी पर करना होगा काम, होम ग्राउंड पर आज कोलकाता से टक्कर

**नई दिल्ली ● एजेंसी**




दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाला आज का मुकाबला दोनों टीमों के लिए बेहद अहम होने वाला है। प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए दिल्ली को अपने बचे हुए चारों मुकाबले जीतने होंगे। ऐसे में टीम की सबसे बड़ी चिंता उसकी अस्थिर बल्लेबाजी बन गई है।

केएल राहुल को छोड़ दें तो दिल्ली का कोई भी बल्लेबाज लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहा है। टीम प्रबंधन द्वारा बल्लेबाजी क्रम में लगातार बदलाव भी नुकसानदायक साबित हो रहा है। समीर रिजवी को पूरे सत्र में तीसरे नंबर पर खिलाने की योजना थी, लेकिन लगातार क्रम बदलने से उनके प्रदर्शन पर असर पड़ा। शुरुआती दो मैचों में अच्छी पारियां खेलने के बाद वह लय बरकरार नहीं रख सके। वहीं नितीश राणा और करुण नायर भी टीम को जीत दिलाने में अपेक्षित योगदान नहीं दे पा रहे हैं।

हालांकि गेंदबाजी में दिल्ली की स्थिति इस मुकाबले में मजबूत नजर आ रही है। लुंगी एंगिडी, मिचेल स्टार्क और कुलदीप यादव की तिकड़ी किसी भी बल्लेबाजी क्रम को मुश्किल में डाल सकती है। दूसरी ओर कोलकाता की बल्लेबाजी भी पूरी तरह संतुलित नहीं दिख रही। अजिंक्य रहाणे और फिन एलन टीम को मजबूत शुरुआत देने में संघर्ष कर रहे हैं। युवा अंगकृष रघुवंशी लगातार रन बना रहे हैं, जबकि रिंकू सिंह और रॉवमैन पावेल से टीम को बड़ी पारियों की उम्मीद रहेगी।

### राहुल पर निर्भर दिल्ली टीम

दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी इस सीजन में काफी हद तक केएल राहुल पर निर्भर रही है। राहुल 10 पारियों में 445 रन बना चुके हैं। राहुल ने टीम के कुल रन का लगभग 26 प्रतिशत अकेले बनाए हैं। बीच के ओवरों में उनका स्ट्राइक रेट 211 का रहा है, जो इस सीजन के सर्वश्रेष्ठ आंकड़ों में शामिल है।

### वरुण कर सकते हैं कमाल

कोलकाता के स्पिनर वरुण चक्रवती दिल्ली के बल्लेबाजों के लिए बड़ा खतरा बन सकते हैं। उन्होंने पिछली चार पारियों में 10 विकेट लिए हैं। वरुण का रिकॉर्ड भी दिल्ली के बल्लेबाजों के खिलाफ मजबूत रहा है। वह डेविड मिलर को चार और ट्रिस्टन स्टब्स को दो बार आउट कर चुके हैं। केएल राहुल भी एक बार उनका शिकार बने हैं।

## साइबर सुरक्षा जागरूकता सेमिनार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** महिला और बालिकाओं को ऑनलाइन और सोशल मीडिया पर साइबर अपराध से सुरक्षित रखने के लिए पुलिस कमिश्नर कार्यालय द्वारा सेमिनार का आयोजन पुलिस कमिश्नर कार्यालय सभागृह गिटार तिराहा पर किया जा रहा है।

## सूर्यकुमार यादव की होगी छुट्टी! ये खिलाड़ी बनेगा टीम इंडिया का नया T20 कप्तान?

**नईदिल्ली.एजेंसी।** सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम ने पिछला टी20 वर्ल्ड कप जीता है, उनकी कप्तानी में टीम एशिया कप चैंपियन बनी. लेकिन उनकी टी20 कप्तानी से छुट्टी होने वाली है. घ्र्फ्थ 2026 के बाद टीम इंडिया को आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज खेलनी है. इससे पहले ँण्ण्छ कुछ बड़े बदलाव करने पर विचार कर रही है. श्रेयस अय्यर को टी20 का नया कप्तान बनाया जा सकता है. सूर्यकुमार यादव करीब 2 साल से टी20 के कप्तान हैं. वह रोहित शर्मा के टी20 संन्यास के बाद 2024 में कप्तान चुने गए थे. टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार सूर्या से कप्तानी छिन सकती है. टीम इंडिया के भविष्य को देखते ये फैसला लिया जा सकता है, श्रेयस अय्यर नए कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं. रिपोर्ट के अनुसार श्रेयस अय्यर की टीम में वापसी होगी और उन्हें कप्तान बनाया जा सकता है. 31 वर्षीय अय्यर ने 3 दिसंबर, 2023 को अपना आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच खेला था. यानी 2 साल से भी अधिक समय हो गया है, उन्होंने टी20 इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है. अब भविष्य को देखते हुए सिलेक्टर्स अय्यर को नया कप्तान चुन सकते हैं.

**कार्यालय नगर पालिका परिषद खरगोन जिला खरगोन (म.प्र.)**

**निविदा सूचना क्रमांक/38/MCK/5966/ई-टेण्डर/2026** **खरगोन, दिनांक-06/05/2026**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से निम्नांकित कार्यो की निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| अ. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_505541_1 Dt. 07/05/2026 | वार्ड क्र. 14 अनाज मंडी के पीछे स्थित राजा शंकर शाह, रघुनाथ शाह बालक छात्रावास के पास नाला निर्माण कार्य। | 02 माह लागत 1129248/- | 2000/- 8469/- | 21/05/2026 5.30 P.M. |

**नोट-** निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन हीं किया जावेगा।

**(छाया जोशी)** अध्यक्ष
**(भोलू कर्मा)** उपाध्यक्ष
**(धीरेन्द्र सिंह चौहान)** सभापति लो.नि.विद्युत एवं यांत्रिकी
**(कमला कोल)** मुख्य नगर पालिका अधिकारी

**नगर पालिका परिषद खरगोन**

# विराट कोहली का ज्ञान उन्हीं पर पड़ा भारी

## 9 साल बाद घ्ष्ध में हुआ ये हाल; प्रिंस यादव का खुलासा

**नईदिल्ली.एजेंसी।** लखनऊ सुपर जाएंट्स के प्रिंस यादव ने विराट कोहली को 0 पर आउट कर आरसीबी की रनचेज को मुश्किल बना दिया था। थ्र्यउ के 213 (अ्थ् टारगेट) के सामने आरसीबी की टीम 203 रन ही बना पाई। उन्हें इस मैच में 9 रनों से हार का सामना करना पड़ा।



प्रिंस यादव, यह नाम आईपीएल में आने वाले समय में खूब सुर्खियां बटौरने वाला है। अपनी तेज तर्रार गेंदबाजी और सटीक लाइन-लेंथ से यह गेंदबाज बड़े-बड़े बल्लेबाजों को परेशान कर रहा है। गुरुवार, 7 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ प्रिंस ने विराट कोहली का विकेट हासिल कर धूम मचाई। लेकिन क्या आप जानते हैं कि विराट कोहली से ही मिली एडवाइस का इस्तेमाल प्रिंस यादव ने उन्हीं के खिलाफ किया था। जी हां, मैच के बाद उन्होंने इसका खुलासा किया है। प्रिंस यादव ने 213 (अ्थ् टारगेट) रन का पीछा करते हुए विराट कोहली को 0 पर आउट किया। चेज मास्टर के नाम से मशहूर कोहली आईपीएल में 9 साल बाद टारगेट का पीछा करते हुए 0 पर आउट हुए हैं।

विराट कोहली के विकेट पर प्रिंस यादव ने मैच के बाद कहा, 'पिछले मैच के बाद मैं विराट भैया से बात कर रहा था और उन्होंने मुझसे बस इतना कहा - जब तक बॉल एक लेंथ से घूम रही है, उसी लेंथ पर रहो।'

प्रिंस यादव ने आरसीबी के खिलाफ इस मैच में ऐसा ही किया। कोहली ने प्रिंस यादव की पहली गेंद को सम्मान दिया। उनकी गेंद काफी हिल रही थी। प्रिंस यादव ने अपनी लाइन लेंथ में कोई बदलाव नहीं किया। जिसका फायदा उन्हें मिला। कोहली अगली गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए। गेंद पिच पर पड़ने के बाद थोड़ी अंदर की तरफ आई और कोहली के बैट पैड के बीच से होते हुए सीधा विकेट पर जा लगी।

बता दें, प्रिस यादव ने इस मैच में मोहम्मद शमी के पहले ओवर में मिसफील्ड की थी, मगर अगली ही गेंद पर उन्होंने डीप थर्डमैन की दिशा में जैकब बेथल का कैच पकड़ उसकी भरपाई की थी। इस बारे में उन्होंने कहा, 'मैंने पहली बॉल मिसफील्ड की, लेकिन मुझे पता था कि मुझे इसे पीछे छोड़ना होगा और यह पक्का करना होगा कि मेरा फोकस न भटके।'

लखनऊ सुपर जाएंट्स की टीम आईपीएल 2026 प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो गई है। हालांकि प्रिंस यादव ने अभी भी उम्मीद नहीं छोड़ी है। उनका कहना है कि वह लगातार कोशिश करते रहेंगे।

एलएसजी के नाम 10 मैचों में फिलहाल 3 ही जीत है और उनके खाते में 6 अंक है। अगर लखनऊ अगले 4 मैच लगातार जीत भी जाती है तो वह अधिकतम 14 अंकों तक ही पहुंच पाएगी, जिनके साथ प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करना काफी कठिन है।

## ऋषभ पंत की जिद कर गई कमाल

**नई दिल्ली.एजेंसी।** LSG vs RCB मैच के आखिरी ओवर का रोमांच आप भी जान लीजिए। ऋषभ पंत की जिद लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए कमाल कर गई। दिग्वेश राठी जिन्होंने एक भी विकेट नहीं लिया वह हीरो बन गए। आईए जानते हैं कैसे- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ आईपीएल 2026 के 50वें मुकाबले में आखिरी ओवर में जीत के लिए 20 रनों की दरकार थी। कप्तान ऋषभ पंत के पास दो ही ऑप्शन थे, एक दिग्वेश राठी और दूसरा शहबाज अहमद। अगर इस मैच में दोनों गेंदबाजों के रिकॉर्ड को देखा जाए तो आखिरी ओवर से पहले दिग्वेश राठी ने 3 ओवर में 41 रन खर्च किए थे और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला था। वहीं दूसरी तरफ शहबाज अहमज 3 ओवर में 33 रन खर्च कर टिम डेविड और रजत पाटीदार के रूप में 2 बड़े विकेट ले चुके थे। कोई भी कप्तान इस सिचुएशन में गेंद अपने सबसे सफल गेंदबाज शहबाज अहमद को ही थमाता, मगर ऋषभ पंत ने ऐसा किया। शहबाज अहमद भी जानते थे कि आज उनका अच्छा दिन है। 3 ओवर में 33 रन खर्च कर वह दो विकेट ले चुके हैं। ऐसे में जब आखिरी ओवर की बात चली तो वह खुद कप्तान के पास गेंद मांगने पहुंच गए। मिचेल मार्श, दिग्वेश राठी, ऋषभ पंत और शहबाज अहमद के बीच आखिरी ओवर को लेकर चर्चा हुई।

## जिला कैडेट फेंसिंग ट्रायल का सफल आयोजन



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** फेंसिंग एसोसिएशन द्वारा 'डिस्ट्रिक्ट फेंसिंग कैडेट ट्रायल' का आयोजन मिनी गोल्फ ग्राउंड, चिमन बाग,में संपन्न हुआ। यह ट्रायल आगामी 'स्टेट फेंसिंग कैडेट ट्रायल' के लिए आयोजित किया गया, जो 9 मई को भोपाल के तात्या टोपे स्टेडियम में आयोजित होगा। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने प्रदर्शन करते हुए अपने खेल कौशल का उत्कृष्ट परिचय दिया। बॉयज़ सेबर वर्ग में अरहम मंसूरी एवं अयान कुरैशी, बॉयज़ फॉइल वर्ग में आहिल अहमद खान एवं अश्विन राठौर, गर्ल्स फॉइल वर्ग में आश्मी चौहान, सारा फारूकी एवं वैष्णवी बोरकर, गर्ल्स ईपी वर्ग में तनुश्री हरड़िया एवं आयुषी बोरासी तथा गर्ल्स सेबर वर्ग में तैयबा अली, तहमीना कुरैशी, नूर्वी जोशी एवं हृदिमा जगताप का चयन किया गया।

## एथलेटिक्स सीनियर महिला और पुरुष चयन प्रतियोगिता मल्हार आश्रम मैदान में

**इंदौर।** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन की सीनियर महिला एवं पुरुष वर्ग जिला एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता 11 मई सोमवार को सुबह 9,बजे मल्हार आश्रम खेल मैदान पर आयोजित 9 बजे से होगी। सचिव गोविन्दा चिंतामण ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 18 वर्ष से अधिक आयु बर्ग के पुरूष एवं महिला खिलाड़ी ही भाग ले सकेगें। खिलाड़ियों का एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया से पंजीयन अनिवार्य है।इसमे दौड़, कूद एवं थ्रोज़ के मुकाबले आयोजित होगें।चयनित खिलाड़ी 16 व 17 मई को ग्वालियर में आयोजित होने वाली राज्य एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे। भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी सोमवार को सुबह 8 बजे मल्हार आश्रम मैदान पर कोच जितेंद्र गौड़, कोच शिलवंत कुमार यादव, कोच रतन सिंग चौहान से संपर्क कर सकते हैं।

## एमवायसीसी और सीसीआई की शानदार जीत

**इंदौर।** महाराजा यशवंतराव क्रिकेट क्लब (एमवायसीसी) के तत्वावधान में आयोजित नमन कोठारी अंडर-12 क्रिकेट टूर्नामेंट में आज खेले गए मुकाबलों में युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। प्रतियोगिता के सचिव परविंदर रैना ने जानकारी देते हुए बताया कि टूर्नामेंट में लगातार रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं और खिलाड़ियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। दिन के पहले मुकाबले में एमकेसीसी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 118/6 रन बनाए। टीम की ओर से लव डांगी और समर्थ जैन ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। एमवायसीसी की ओर से गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमवायसीसी टीम ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए मात्र 1 विकेट खोकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। एमवायसीसी की ओर से लव डांगी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 73 रन की नाबाद पारी खेली और टीम को शानदार जीत दिलाई। दूसरे मुकाबले में सीसीआई टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 191/3 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

## मांडवी गांधी, ओमिशा मेहता ,हर्ष वर्धन सिंह को दोहरी सफलता

**इंदौर।** इंदौर डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित शांता देवी कमल भंडारी मेमोरियल सब-जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 का सफलतापूर्वक एवं भव्य समापन हो गया। नेहरू स्टेडियम बैडमिंटन हॉल ,इंदौर में आयोजित इस प्रतियोगिता में शहर के सैकड़ों प्रतिभाशाली सब-जूनियर खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कोर्ट पर खिलाड़ियों के बीच जो जज्बा, जोश और प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, वह वास्तव में अविस्मरणीय रही।

इस टूर्नामेंट की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि 9 वर्ष से लेकर 15 वर्ष तक की आयु के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने एकल और युगल दोनों स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया। छोटी उम्र में इन खिलाड़ियों का आत्मविश्वास, तकनीकी दक्षता एवं मैदान पर संयम देखकर दर्शक दंग रह गए। अभिभावकों एवं कोचों का उत्साह भी पूरे टूर्नामेंट में देखते ही बनता था। यह प्रतियोगिता इस बात का प्रमाण है कि इंदौर में जमीनी स्तर पर बैडमिंटन की जड़ें कितनी गहरी और मजबूत होती जा रही हैं।

टूर्नामेंट के समापन पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# वैभव ऑरेंज कैप की रेस में टॉप-5 से बाहर होने की कगार पर!

**नई दिल्ली.एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स को मिला एक हफ्ते का ब्रेक वैभव सूर्यवंशी को ऑरेंज कैप की रेस में टॉप-5 से बाहर कर सकता है। फिलहाल वह 404 रनों के साथ 5वें पायदान पर है। आईए जानते हैं कौन हैं उनके लिए खतरा-

IPL 2026 Orange Cap- राजस्थान रॉयल्स के स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ऑरेंज कैप की रेस में टॉप-5 से बाहर होने की कगार पर हैं। आरआर को इस समय एक हफ्ते का ब्रेक मिला हुआ है। 1 मई के बाद उनका कोई मैच नहीं हुआ है। राजस्थान अपना अगला मैच 9 मई को खेलने वाली है। यह एक हफ्ते का ब्रेक वैभव सूर्यवंशी को ऑरेंज कैप की रेस में शामिल टॉप-5 बल्लेबाजों की लिस्ट से बाहर कर सकता है। फिलहाल 15 साल का यह खिलाड़ी 404 रनों के साथ 5वें पायदान पर है, मगर कई खिलाड़ी उनके लिए अब खतरा बन गए हैं। आईए जानते हैं-



वैभव सूर्यवंशी आईपीएल 2026 ऑरेंज कैप की रेस में 404 रनों के साथ पांचवें पायदान पर हैं। उनके ऊपर ईशान किशन, केएल राहुल, अभिषेक शर्मा और हेनरिक क्लासेन हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के विस्फोटक बल्लेबाज क्लासेन 494 रनों के साथ पहले पायदान पर हैं। क्लासेन और वैभव सूर्यवंशी के बीच पूरे 90 रनों का अंतर है।

हेनरिक क्लासेन- 494<br>
अभिषेक शर्मा- 475<br>
केएल राहुल- 445<br>
ईशान किशन- 409<br>
वैभव सूर्यवंशी- 404

दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल जबरदस्त फॉर्म में चल रहे हैं। अभी तक खेले 10 मैचों में वह 445 रन बना चुके हैं। नंबर-1 पर मौजूद हेनरिक क्लासेन और राहुल के बीच 49 रनों का ही अंतर है। अगर राहुल आज अर्धशतक लगाते हैं तो वह एक बार फिर पहले पायदान पर पहुंच जाएंगे। आज दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से है।

आईपीएल 2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में वैभव सूर्यवंशी के बाद 9 ऐसे खिलाड़ी हैं जिनके और वैभव के बीच 50 से भी कम रनों का अंत है। कभी भी कोई खिलाड़ी एक बड़ी पारी खेलकर वैभव सूर्यवंशी को टॉप-5 से बाहर कर सकता है। चेन्नई सुपर किंग्स के सूंज सैमसन 402 रनों के साथ ठीक वैभव सूर्यवंशी के पीछे 6ठे पायदान पर हैं। वहीं साई सुदर्शन अभी तक 385, रायन रिकेल्टन 380, विराट कोहली 379, शुभमन गिल 378, कूपर कोनोली 377, मिचेल मार्श 367, प्रभसिमरन सिंह 364 और ट्रैविस हेड 361 रन बनाए हैं। वैभव सूर्यवंशी की टीम राजस्थान रॉयल्स का अगला मैच 9 मई को गुजरात टाइटंस के खिलाफ है।

# चंदन नगर पुलिस ने दबोचा एमडी ड्रग्स का तस्कर

**कर्ज के दलदल से निकलने के लिए बना पैडलर,आईटी पार्क के पास 1.60 लाख की ड्रग्स के साथ धराया**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में नशे की सप्लाई चेन तोड़ने के लिए इंदौर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत चंदन नगर पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने राजस्थान से ड्रग्स लाकर इंदौर के युवाओं में जहर घोलने वाले एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से करीब 1.60 लाख रुपये कीमत की एमडी ड्रग्स बरामद हुई है। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपी कर्ज चुकाने और रातों-रात अमीर बनने की हसरत में अपराध की दुनिया में उतरा था।

थाना प्रभारी तिलक कारोले के नेतृत्व में पुलिस की टीम धार रोड स्थित आईटी पार्क ग्रिड के पास संदिग्धों की निगरानी कर रही थी। इसी दौरान एक युवक पुलिस की मौजूदगी देख घबराकर भागने लगा। मुस्तैद टीम ने पीछा कर उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। पकड़े गए युवक की पहचान राहुल राठौर (26), निवासी हैदर नगर हातोद के रूप में हुई है।पुलिस ने जब राहुल की तलाशी ली, तो उसके पास से 15.87 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस खेप की कीमत डेढ़ लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। आरोपी खुद भी नशे का आदी है और इसी लत व पैसों की तंगी ने उसे तस्करी के रास्ते पर धकेल दिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शुरुआती पूछताछ में राहुल ने बताया कि वह राजस्थान के ड्रग इलाके से सस्ते दामों पर ड्रग्स खरीदकर लाता था। इंदौर पहुँचने के बाद वह इनके छोटे-छोटे पैकेट बनाता और उन्हें ऊंचे मुनाफे पर ग्राहकों को बेच देता था। आरोपी का मुख्य निशाना वे युवा थे जो पार्टी कल्चर या नशे की गिरफ्त में आ चुके हैं। चंदन नगर पुलिस अब राहुल को रिमांड पर लेकर यह सुराग जुटा रही है कि राजस्थान में उसे यह माल कौन मुहैया कराता था। साथ ही, इंदौर में उसके 'रिटेल नेटवर्क' में कौन-कौन लोग शामिल हैं, इसकी भी एक सूची तैयार की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस रैकेट के अन्य सदस्यों को भी बेनकाब किया जाएगा।



# बग्घी में बंधा घोड़ा गश खाकर गिरा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



गर्मी में एक ओर जहां इंसान परेशान है, वहीं दूसरी ओर पशु भी गर्मी में परेशान हो रहे है। कई बार जब पशुओं पर ज्यादा बोझ डाल दिया जाता है तो वे भी गश खा जाते है। बग्घी में बंधे घोड़े का गश खाकर गिरने का एक वीडियो सामने आया है। मुख्य मार्ग पर ही घोड़ा अचानक गिर गया और बेसुध हो गया जिसके बाद उसके मालिक ने बग्घी से उसे निकाला। जिसके बाद घोड़ा खड़ा हो सका। उल्लेखनीय है कि प्रशासन द्वारा दोपहर 12 से 3 बजे के बीच पशुओं पर वजन या सवारी ढोने को लेकर प्रतिबंध लगाया गया है। हालांकि तय समय के बाद भी गर्मी के कारण पशु परेशान होते है।

# खेत की मेड़ पर पत्थर रखने को लेकर विवादः महिला किसान को पीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**सिमरोल थाना क्षेत्र में खेत की मेड़ पर पत्थर रखने को लेकर उपजे विवाद में एक महिला। किसान के साथ मारपीट की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।**

फरियादी सलीता पति भीमसिंह निवासी देवगढ़, जिला खरगोन ने सिमरोल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका खेत ग्राम रसकुण्डिया में स्थित है। घटना के समय वह अपने खेत पर थीं, तभी वहीं रहने वाला मुकेश पिता रामसिंह गिनावा वहां पहुँचा। खेत की मेड़ पर पत्थर रखने की बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी मुकेश अपना आपा खो बैठा और सलीता को गालियां देने लगा। जब महिला ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने हाथ-मुक्कों से उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। हमले के दौरान महिला को शारीरिक चोटें आई हैं। जाते-जाते आरोपी ने उसे धमकाया कि यदि दोबारा पत्थर रखा या पुलिस के पास गई तो वह उसे जान से मार देगा।पीड़ित महिला ने आपबीती सुनाते हुए सिमरोल पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने आरोपी मुकेश गिनावा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# मौसेरे भाई ने नाबालिग बहन से किया दुष्कर्म

**वीडियो बनाकर दी जान से मारने की धमकी सगाई की बात चलने पर परिवार को भेजा वीडियो**

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मानपुर थाना थाना इलाके में एक युवक ने अपने पारिवारिक संबंध और बहन के भरोसे का फायदा उठाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। जब नाबालिग की सगाई की बात शुरू हुई, तो आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर परिवार में हड़कंप मचा दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक नाबालिग पीड़िता ने अपने पिता और चाचा के साथ थाने पहुँचकर आपबीती सुनाई। शिकायत के अनुसार, आरोपी आरिफ पटेल मृतका की मौसी का बेटा है, जिसके कारण उसका घर में लगातार आना-जाना था। गत 20 अप्रैल को जब पीड़िता का परिवार एक रिश्तेदारी में बाहर गया था और वह घर पर अकेली थी, तब आरोपी उसे मौसी के घर ले जाने के बहाने अपने साथ ले गया। वहां उसने नाबालिग के साथ जबरन दुष्कर्म किया और विरोध करने पर उसे बदनाम करने की धमकी दी।?आरोपी ने डरा-धमकाकर पीड़िता के साथ कुल तीन बार गलत काम किया और इस दौरान मोबाइल से अश्लील वीडियो भी बना लिया। दरिंदगी की हद तो तब हो गई जब पीड़िता के परिवार वाले उसके लिए रिश्ता देखने लगे। सगाई की बात से नाराज होकर आरोपी ने पीड़िता के परिजनों को फोन लगाया और उन्हें दुष्कर्म का वीडियो भेजकर शादी तोड़ने और जान से मारने की धमकी दी। बदनामी और धमकियों से तंग आकर पीड़िता ने साहस जुटाया और परिजनों को पूरी घटना बताई। गुरुवार को मानपुर थाने में महिला उपनिरीक्षक ने पीड़िता के बयान दर्ज किए। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल टीम गठित की और आरोपी आरिफ को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया।

# अपराधी को पकड़ने के लिए पुलिस ने बदला रूप



**गुजरात बस से इन्दौर आने की मिली सूचना तो चालक बन पकड़ा**

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। भंवरकुआं पुलिस ने कई वर्षो से फरार चल रहे अपराधी को रूप बदलकर पकड़ा है। आरोपी पुलिस को कई दिनों से चकमा दे रहा था लेकिन पुलिस ने तकनीक का उपयोग कर उसे दबोच लिया। भंवरकुआं थाना प्रभारी संतोष दुधी द्वारा स्थायी वारंटियों की धरपकड़ के लिए टीम का गठन किया। पुलिस ने आनंद पिता भुरु मांडले की रूप बदलकर कई स्थानों से जानकारी जुटाई। पुलिस को मुखबिर से जानकारी प्राप्त हुई कि आनंद गुजरात बस से इन्दौर आ रहा है तभी पुलिस ने चालक बनकर फरार चल रहे आरोपी को पकड़ा और गिरफ्तार किया। आनंद पर 15 अपराधों का वारंट है। जिसमें चोरी, लूट, अवैध वसूली, नकवजनी, मारपीट के अपराध पंजीबध्द है।

# प्लॉट की रजिस्ट्री मांगी तो मिली गालियां और मारपीट

**5 साल पहले चुकाए थे पूरे पैसे, वापस मांगने पर आरोपी ने फरियादी के दोस्त को पीटा**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सांवेर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को अपने ही खरीदे हुए प्लॉट की रजिस्ट्री मांगना महंगा पड़ गया। आरोपी ने न केवल रजिस्ट्री करने से इनकार कर दिया, बल्कि पैसे वापस मांगने पर फरियादी और उसके दोस्त के साथ मारपीट कर उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

नेहरू नगर निवासी फरियादी राजेश पिता देवीसिंह बिनौरिया ने पुलिस को बताया कि उन्होंने वर्ष 2019 में जैतपुरा चौराहा धरमपुरी स्थित धाकड़ मार्बल के संचालक राजेन्द्र नटेरिया से एक प्लॉट खरीदा था। राजेश का दावा है कि उन्होंने प्लॉट की पूरी राशि आरोपी को समय पर चुका दी थी। बावजूद इसके, पिछले 5 सालों से आरोपी रजिस्ट्री करने के नाम पर टालमटोल कर रहा है। विगत दिवस जब फरियादी राजेश अपने दोस्त जितेन्द्र पिता कमल सिंह के साथ आरोपी राजेन्द्र नटेरिया के पास पहुँचे और दो टूक शब्दों में कहा कि यदि तुम प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं कर रहे हो, तो मेरे पूरे पैसे वापस लौटा दो, तो आरोपी भड़क गया। राजेन्द्र ने आव देखा न ताव और दोनों को गालियां देना शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी ने जितेन्द्र के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे उसे चोटें आई हैं। जाते-जाते आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर सांवेर पुलिस ने आरोपी राजेन्द्र नटेरिया के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।